विचार

"प्रेम अच्छे लोगों का आनंद है, बुद्धिमानों का आश्चर्य है, देवताओं का विस्मय है"

प्लेटो

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

वर्ष- 3 | अंक-05 | दिल्ली, बुधवार 12 फरवरी 2025 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित




पेज 4




## न्यूज. ब्रीफ

### अमेरिकी कांग्रेस के 6 सदस्यों ने अदाणी समूह जांच पर समीक्षा की मांग

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस के छह सदस्यों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन द्वारा अदाणी समूह के खिलाफ की गई जांच पर सवाल उठाते हुए, मामले की पुनः समीक्षा की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अमेरिका के अटॉर्नी जनरल एजी बॉन्डी को एक पत्र लिखा है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में लांस गुडेन, पैट फॉलन, माइक हरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर. टिममन्स और ब्रायन बाबिन शामिल हैं। इन सदस्यों ने भारत को अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा, अदाणी समूह के खिलाफ की गई।

### मलेशिया में इब्राहिम सरकार के इस फैसले के लागू होने से पहले ही हो गया विवाद

**क्वालालंपुर।** मलेशिया की अनवर इब्राहिम सरकार हाल ही में ऐसी गाइडलाइंस जारी करने की तैयारी में थी इसके अनुसार गैर-इस्लामी कार्यक्रमों में मुस्लिमों के जाने की सीमा तय होनी थी। सरकार के प्रस्ताव के मुताबिक, मलेशिया में गैर-मुस्लिमों को अपने धार्मिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में मुस्लिमों को बुलाने के लिए मुस्लिम धार्मिक गुरु की अनुमति की जरूरत पड़ती। मलेशिया की सरकार का कहना था कि, फैसले से देश में एकता को बढ़ावा मिलेगा और इस्लामी नजरिए से फैलने वाली गलतफहमी को रोका जा सकता है। मलेशियाई सरकार अपने इस प्रस्ताव को जल्द ही लागू करना चाहती थी लेकिन जैसे ही यह सार्वजनिक हुआ।

### संयुक्त राष्ट्र ने हूती विद्रोहियों के गढ़ में मानवीय सहायता रोकी

**जनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के आठ और कर्मचारियों को बंधक बनने के बाद वैश्विक संस्था ने यमन के हूती विद्रोहियों के गढ़ में मानवीय सहायता अभियान रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि सादा प्रांत में सभी मानवीय सहायता अभियानों और कार्यक्रमों को रोकने का निर्णय आवश्यक सुरक्षा शर्तों और गारंटी की कमी के कारण लिया था। हाल के महीनों में विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के कई कर्मचारियों के साथ ही सहायता समूहों, नागरिक समाज संस्थाओं और सना में अमेरिकी दूतावास से जुड़े व्यक्तियों को भी बंधक बना लिया है। इसके पहले यमन के सरकारी बलों ने देश के तेल समृद्ध प्रांत मारिब को निशाना बनाकर हूती समूह के कई हमलों को विफल किया था।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल - 2025

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में इन्वेस्टर्स समिट-2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न देशों से प्रवासी भारतीय (एनआरआई) मेहमान शामिल होंगे। भोपाल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि समिट में आ रहे मेहमानों के लिए ह्लहोम स्टेटह्व की व्यवस्था की जा रही है, जिसके तहत स्थानीय परिवार उन्हें अपने घर में ठहरने की सुविधा देंगे। इस पहल का उद्देश्य मेहमानों को मध्यप्रदेश की पारिवारिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से अवगत कराना है। इच्छुक परिवार जो इस योजना में भाग लेना चाहते हैं वे 20 फरवरी 2025 तक भोपाल विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री से मोबाइल नंबर - 98265-97251 पर संपर्क कर अपनी सहमति दर्ज करा सकते हैं।

## महाकुंभ जाने वाली ट्रेन में चढ़ने में असमर्थ यात्रियों ने एसी डिब्बे में की तोडफोड़

**समस्तीपुर जिले में भी ट्रेन पर हुआ था पथराव**

**भीड़ के सामने असहाय नजर आती है रेल पुलिस**

**मधुबनी।** बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन पर पथराव किया। जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया और वहां दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में महाकुंभ मेले में जा रहे यात्रियों ने स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस की खिड़कियां तोड़ दीं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें दिख रहा है कि ट्रेन में नहीं चढ़ पाने से निराश यात्री हुड़दंग मचाते हुए ट्रेन पर पत्थर फेंक रहे हैं और एसी कोच की खिड़कियां तोड़ते नजर आ रहे हैं, जिससे अंदर बैठे यात्रियों में डर का माहौल पैदा हो गया। बिहार के जयनगर से प्रयागराज होते हुए नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस जैसे ही मधुबनी रेलवे स्टेशन पर पहुंची, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ खड़ी नजर आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन में पहले से ही इतनी भीड़ थी कि दरवाजे खोलना असंभव था। ट्रेन का इंतजार कर रहे और ट्रेन के अंदर बैठे कई यात्री महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जा रहे थे। वीडियो में दो महिलाएं ट्रेन के एसी कोच में बैठी नजर आ रही हैं। इसी दौरान बाहर खड़े एक यात्री ने खिड़की का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान खिड़की के पास बैठी दोनों महिलाएं डर के मारे चीख रही हैं। एक अन्य वीडियो में ट्रेन की टूटी हुई खिड़कियां दिखाई गई हैं। ट्रेन में सवार यात्री पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड कर रहे थे। यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब यह सब हुआ तब रेलवे स्टेशन पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। घटना के बाद यह ट्रेन मधुबनी स्टेशन पर एक घंटे तक रुकी रही। बाद में इसे बिना किसी मरम्मत के आगे भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाद में रेलवे पुलिस ने हंगामा कर रहे कई यात्रियों को हिरासत में लिया। लेकिन भीड़ इतनी थी कि भीड़ के सामने रेल पुलिस असहाय नजर आ रही थी।



### समस्तीपुर जिले में भी ट्रेन पर हुआ था पथराव

*इससे पहले बिहार के समस्तीपुर जिले में गुरुवार रात स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव किया गया। ट्रेन पर जब हमला हुआ, तब वह मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मार्ग पर जयनगर से दिल्ली जा रही थी। इससे यात्रियों में दहशत फैल गई और ट्रेन को मामूली क्षति पहुंची। कुछ यात्री घायल हो गए, जिनका समस्तीपुर के एक अस्पताल में इलाज किया गया, जबकि पेंट्री कार और उसके बगल के कोचों की खिड़कियां टूट गईं। स्लीपर कोचों पर भी पत्थर फेंके गए। समस्तीपुर रेलवे पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।*

## जयपुर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान, लॉक लगे मकान से 7 पिस्टल और 280 कारतूस मिले

**जयपुर।** जयपुर पुलिस के मुहाना इलाके में सर्च के दौरान एक मकान में 7 पिस्तौल व 280 कारतूस बरामद किए है। हरियाणा-झुंझुनूं निवासी बदमाशों ने छात्र बताकर मकान किराए पर लिया था। मकान मालिक को विश्वास दिलाने के लिए किरायानामा एग्रीमेंट भी कराया था। मुहाना थाना पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मुहाना के विष्णु विहार कॉलोनी में सोमवार को सर्च ऑपरेशन चलाया गया। लॉक लगे मकान को सर्च करने पर 7 पिस्टल और 280 कारतूस मिले। मकान मालिक से संपर्क करने पर दिसंबर -2024 में भिवानी निवासी प्रशांत कुमार और झुंझुनूं के चिड़ावा निवासी अनिल कुमार जाट को किराए पर देना बताया। दोनों ने जयपुर में रहकर पढ़ाई और कार बाजार का काम करने की बात कहकर मकान किराए पर लिया था। विश्वास में लेने के लिए मकान मालिक के कहने पर अपने आई कार्ड और किरायानामा एग्रीमेंट भी करवाया।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में परिवादी से जिरह पूरी

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के केस में मंगलवार परिवादी से बचाव पक्ष की जिरह पूरी हो गई। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की अदालत में बचाव पक्ष ने परिवादी विजय मिश्र से जिरह पूरी कर ली है। कोर्ट ने शेष साक्ष्य की सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख नियत कर दी है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

### दुनिया में भारत की आबादी 18 फीसदी, उत्पादन 2.8 फीसदी,

**नई दिल्ली।** भारत और चीन की आबादी दुनिया के देशों में लगभग एक ही हो चुकी है लेकिन उत्पादन के मामले में भारत लगातार पिछड़ता चला जा रहा है. भारत की 18% वैश्विक आबादी के बावजूद, विश्व मैन्युफैक्चरिंग में उसकी हिस्सेदारी मात्र 2.8% रह गई है. जबकि चीन अकेले 28.8% उत्पादन करता है. दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा निर्यात चीन का है. चीन का निर्यात भी पिछले एक दशक में भारत में बड़ी तेजी के साथ बढा है. भारत का खुद के उपयोग के लिए खुद का उत्पादन धीरे-धीरे कम होता चला जा रहा है.यह आंकड़े भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वास्तविकता उजागर करते हैं. ''मेक इन इंडिया''जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू करने के बाद उत्पादन घटा है. यह चिंता की सबसे बड़ी बात है. विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है. भारत में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 2015 में 15.07% था.जो 2023 में घटकर 12.99% रह गया।

**न छूटे कोई भी हितग्राही**

## सबको मिले सरकार की योजनाओं का लाभ - मुख्यमंत्री डॉ यादव

### प्रदेश के विकास में हो सबकी सक्रिय भागीदारी

- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा कर सुपात्रों को त्वरित लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। योजनाओं के जरिए ही हम इस लक्ष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलम्ब के समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाएं सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से ही जनता को शासन की संवेदनशीलता का अनुभव होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का फुल सैचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) किया जाना है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही बैंकों द्वारा वित्तपोषित योजनाओं में हितग्राहीमूलक प्रकरणों को निर्धारित समय से पहले लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा संख्या में प्रस्ताव भेजे जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता ३२ गुना बढ़ी, ऐसा करने वाला जी-२० का पहला देश : पीएम मोदी

**भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा का लक्ष्य तय किया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान मंगलवार को वर्चुअली ह्यइंडिया एनर्जी वीक 2025ह्न को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है और ऊर्जा क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है और यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है, इससे भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश बन गया है। इतनी ही नहीं भारत में 19 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण हो रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत, किसानों की आय में वृद्धि और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। मोदी सरकार ने ''ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी'' बनाई है, जिससे हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और गैस क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और बैटरी निर्माण को बढ़ावा दे रहा है।



### हरित ऊर्जा और निवेश के नए अवसर

*इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और बैटरी निर्माण को लगातार बढ़ावा दे रहा है। सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता 2 गीगावॉट से बढ़कर 70 गीगावॉट हो चुकी है। उन्होंने ''पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना'' का भी जिक्र किया, जिससे नए ग्रीन जॉब्स के मौके बन रहे हैं। इसके साथ ही क्लीन ऊर्जा का भारत का सपना साकार हो रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक निवेशकों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है और सतत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इंडिया एनर्जी वीक 2025 ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे बदलावों और नई तकनीकों को अपनाने की दिशा में देश की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।*




# जलग्रहण यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जेतावाडा ग्राम पंचायत के कोटड़ा में

♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** जिले में जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत ब्लॉक रेवदर में संचालित जलग्रहण परियोजना में भू संसाधन विभाग,भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा निदेर्शानुसार गिरते भू जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास से संबंधित गतिविधियों के जनजागरण व वाटरशेड आउटरीच कैम्पेन वेन के साथ जलग्रहण यात्रा कार्यक्रम का आयोजन गांव कोटड़ा में किया गया। जिसमें सजलिया नाडी का शिलान्यास एवं श्रमदान, एनिकट का लोकार्पण, जैतावाडा सीनियर विद्यालय में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता , गांव वासडा में बास्केटबॉल खेल मैदान का उद्घाटन एवं मैत्री मैच का आयोजन किया गया व जल संरक्षण हेतु समस्त जिला स्तरीय , ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा शपथ ग्रहण की गई । इस कार्यक्रम में जिसमें जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद्र अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता जलग्रहण संजय कुमार दवे, पिंडवाडा विकास अधिकारी हेमाराम, जलग्रहण विभाग के अधिकारी, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी, पूर्व प्रधान कालूराम चौधरी व पूंजा भाई , गणपत सिंह निंबोड़ा, सरपंच जैतावाडा शांति लाल भाट, सरपंच बांट संगीता देवी व पंचायत समिति सदस्य दानुदेवी चौधरी, पुर्व सरपंच ललित भाट, युवा समाजसेवी भैराराम चौधरी, भुराराम कोटड़ा, दिनेश चौधरी समेत अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन की गरिमामय उपस्थिति रही।





# स्काउट - गाइड ने प्लास्टिक बहिष्कार रैली निकाली

♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद/पसुन्द।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय राजसमंद के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पसुन्द में प्लास्टिक बहिष्कार रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य धर्मेंद्र टेलर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजसमंद के जिला प्रभारी के नेतृत्व में स्काउट - गाइड ने अपने हाथों प्लास्टिक बहिष्कार के बैनर के साथ रैली निकली। लोगों को जागरूकता किया । गांव में प्लास्टिक का उपयोग न करने का आह्वान किया । रैली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पसंद के प्रांगण से प्रारंभ होते हुए बाबा रामदेव मंदिर, बसंत बस स्टैंड , मुख्य चौराहे से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में पहुंची । इस दौरान स्काउट गाइड के हाथों में प्लास्टिक बहिष्कार का बैनर, हाथों में तख्तिया। लेकर नारे लगाते हुए गांव गुजरे। दुकानदारों के पास जाकर उन्हें कपड़े के थेले का प्रयोग करने हेतु निवेदन किया। इसी के साथ गांव वासियों ने भी इस रैली का स्वागत किया तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने का आश्वासन दिया। रैली में 150 स्काउट गाइड ने भाग लिया।यह जानकारी जिला सचिव मनोज शर्मा ने दी।



# सत्तारुढ़ कांग्रेस के पार्षदों ने ही किया बजट बैठक का बहिष्कार

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर।** नगर निगम उत्तर की ओर से आज आयोजित बजट बैठक के दौरान सत्तारुढ़ कांग्रेस बोर्ड के पार्षदों ने ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के विकास कार्यों के टेंडर अधिकारियों द्वारा जारी नहीं करने के विरोध में बजट बैठक का बहिष्कार कर दिया जिसके चलते बैठक शुरू होने से पूर्व ही स्थगित हो गई। इस दौरान भाजपा के विपक्षी पार्षदों ने बजट पेश करने का आह्वान और मांग भी रखी लेकिन महापौर कुन्ती देवड़ा ने अपने पार्षदों के समर्थन में उक्त बैठक को स्थगित कर दिया ।निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे नगर निगम उत्तकर की ओर से 2025-26 के बजट के लिए बजट बैठक का आयोजन किया गया था। यह बैठक शुरू होने से पहले ही कांग्रेसी पार्षदों के नारेबाजी करने और गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के विकास कार्यों के टेंडर राज्य में सत्तारूढ़ हुई भाजपा सरकार के राजनैतिक द्वेष भावना के चलते अधिकारियों पर दबाव बनाकर टेंडर नहीं निकाले जाने को लेकर अगला बजट पेश नहीं करने का तय किया। चंद मिनटों में ही हंगामे के बाद पार्षदों के आह्वान पर महापौर कुन्ती देवड़ा ने भी उक्त बजट बैठक 13 फरवरी तक स्थगित करने के साथ अधिकारियों को 24 घंटे के अल्टीमेटम दिया और उन्हें वित्तीय वर्ष 2024-25 के पार्षदो को शहर के विकास के लिए आवंटित बजट राशि के टेंडर निकालने के बाद ही बजट पेश करने की जानकारी दी। इस दौरान हाल ही में आए नगर निगम के आयुक्त सिद्धार्थ पालानी चामी ने आक्रोशित पार्षदों को समझाने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ आक्रोशित पार्षदों ने आयुक्त के समक्ष भी वर्तमान सत्तारूढ़ राज्य सरकार की मंशा के चलते अधिकारियों को दबाव में बनाकर बजट नहीं पेश करने का आरोप लगाया। इस दौरान नवनियुक्त आयुक्त ने कहा कि वह निगम है अधिकारियों से इस मामले में चर्चा कर रहे हैं जिस पर पार्षद शहाबुद्दीन ने आरोप लगाया कि निचले अधिकारी भी दबाव में काम कर रहे हैं और वे कार्य करना ही नहीं चाहते जबकि पार्षदों के बजट से निगम अपने दूसरे सुख सुविधाओं से व्यवस्था कर रहा है जबकि आम जनता के कार्य बाधित हो रहे हैं और इसके लिए जनता हमें दोषी ठहरा रही।



# धारुजी महाराज का चालीसवां मेला मेघवाल समाज द्वारा आयोजित



♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** स्वरूपगंज प्राप्त जानकारी के अनुसार मेघवाल समाज 11 गांव भीतरोट परगना की ओर से मेले का आयोजन हुआ। समाज के मोटाराम मेघवाल ने बताया कि बाबा रामसा पीर के समय कालीन संत शिरोमणि श्री श्री 1008 मेघरीख श्री धारूजी जी महाराज की तस्वीर के साथ मेघवाल समाज की महिलाओं ने गीत गाते एवं बैंड बाजो पर नाचते हुए स्वरूपगंज कस्बे में विभिन्न मार्गो से होते हुए शोभायात्रा निकाली गई। वही प्रसादी का आयोजन धन्नालाल अचलाराम डाबी, नवीन भावरी द्वारा किया गया ।सभी समाज बंधुओ ने धन्नालाल का आभार व्यक्त कर साफा और माला पहनाकर सम्मान किया गया ।प्रसादी महोत्सव कार्यक्रम एवं पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ वही कार्यक्रम को लेकर धर्मशाला परिसर को रंग बिरंगी लाइट एवं माला मंडप से सजाया गया। महाप्रसादी का वितरण एवं भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान धनाराम डाबी ,काछोली पूर्व सरपंच फकाराम परिहार, पुखराज डाबी ?, लालाराम परिहार ,सवाराम डांगी ,अचलाराम डांगी, गेलाराम परमार ,अमराराम नितोडा, नाथाराम ,गोमाराम , देवाराम ,ताराराम, राजाराम ,लुंबाराम, मोहनलाल, बदाराम ,खेताराम, सहित समाज के बड़े बुजुर्ग महिलाओं समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती, निकाली शोभायात्रा

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर।** जांगिड़ समाज व शिल्पकारों के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा का 80वां जयंती महोत्सव श्री विश्वकर्मा जांगिड़ पंचायत, श्री विश्वकर्मा मंदिर कमेटी बाईजी का तालाब, कागड़ी व भवाद गंगाराम प्याऊ स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर कमेटी, जांगिड़ समाज अधिवक्ता संघ, समाज के विभिन्न संगठनों व संस्थाओं, शिल्पकारों और समाजबंधुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव के तहत आज शोभायात्रा निकाली गई। इसके साथ ही सम्मान समारोह सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि सुबह हवन व आरती, ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। श्री पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव बुढल ने बताया कि मसूरिया स्थित श्री विश्वकर्मा छात्रावास में सुबह अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के बाद समाज उत्थान के बारे में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इसके साथ ही सम्मान समारोह में 75 बसंत पार कर चुके वरिष्ठजनों, 10वीं, 12वीं कक्षा एवं स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री में 80 प्रतिशत व इससे से अधिक अंक लाने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व चयनित प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान भी किया गया। दोपहर में अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा व कलश यात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में समाज की विभिन्न संस्थाओं की लगभग दो दर्जन से ज्यादा झांकियों के साथ पुरुष सफेद पोशाक व केसरिया साफा में, महिलाएं लाल चुनड़ी पौशाक में तथा युवा वाहन रैली के साथ शोभायात्रा की शान बढ़ा रहे थे।





# राउमावि पालड़ी सिद्धा में कैरियर मेले का आयोजन



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालड़ी सिद्धा में कैरियर मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान नवीन कुमार जाजू ने की। जबकि मुख्य अतिथि पारसराम (रिटायर्ड हवलदार, भारतीय सेना) और विशिष्ट अतिथि भी रहे। साथ ही, अल्ट्राटेक बिरला से जसप्रीत सिंह, सीएसआर विशेषज्ञ रामकुमार सिंह शेखावत एवं चंचल चौधरी ने छात्रों को कैरियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने सरकारी नौकरियों, तकनीकी शिक्षा, निजी क्षेत्र में रोजगार अवसरों और स्टार्टअप पर चर्चा कर छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें अपने सपनों को साकार करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने चंद्रयान, ज्वालामुखी, वॉटर प्यूरीफायर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जैसे कार्यशील मॉडल व सुंदर हस्तशिल्प कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जो उनकी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को दशार्ते है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन व्याख्याता राम प्रसाद ने किया। अंत में विद्यालय प्रधान नवीन कुमार जाजू ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

### बोरुंदा सरपंच उप चुनाव 2025

# दो प्रत्याशियों में सीधा मुकाबला

## जोधपुर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बोरुंदा

- 23 वार्ड के कुल 11128 मतदाता
- 14 फरवरी को प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान





♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** सरपंच पद के उपचुनाव को लेकर बोरुंदा कस्बे में प्रमुख रूप से दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में खडे.हुए है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थक अपनी-अपनी मेहनत कर विभिन्न गली मोहल्लों में जाकर वोटरों से रामा श्यामा कर उनके हाल चाल जानकर अपने समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे है। पीपाड़ उपखण्ड के बोरुंदा कस्बे में शादियों की सीजन के साथ साथ सरपंच पद के उपचुनाव 2025 को लेकर ग्रामीणों में उत्साह नजर आ रहा है। सरपंच मान कंवर के निधन के बाद कार्यवाहक सरपंच संतोष दाधीच की समय अवधि पूर्ण होने के बाद 14 फरवरी को उप चुनाव होने जा रहे है। कस्बे में प्रमुख रूप से सरपंच पद के लिए सोहनी देवी पत्नी मोहनलाल गहलोत व संतोष कंवर पत्नी भगवतसिंह राठौड़ चुनावी मैदान में अपना-अपना दमखम दिखा रहे है। इनके अलावा दो अन्य प्रत्याशियों में आशा कंवर पत्नी नटवर सिंह व संगीता पत्नी लक्ष्मण भाटी भी उम्मीदवार है। वार्ड वार मतदाता : वार्ड एक 446, वार्ड दो 551, वार्ड तीन 473, वार्ड चार 488, वार्ड पांच 529, वार्ड छः 321, वार्ड सात 355, वार्ड आठ 1206, वार्ड नो 360, वार्ड दस 296, वार्ड ग्यारह 200, वार्ड बारह 362, वार्ड तेरह 483, वार्ड चौदह 200, वार्ड पंद्रह 722, वार्ड सोलह 508, वार्ड सत्रह 461, वार्ड अठ्ठारह 730, वार्ड उन्नीस 716, वार्ड बीस 373, वार्ड इक्कीस 566, वार्ड बाईस 429, वार्ड संख्या तेइस में 353 मतदाता है। बोरुंदा कस्बे में कुल 23 वार्डों में 11128 मतदाता है। मतदाताओं की नब्ज टटोल रहे हैं प्रत्याशी :- मतदान 14 फरवरी को होने जा रहा है। मोटे तौर पर दो बड़े प्रत्याशी मैदान में चुनाव लड़ रहे है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थक विभिन्न ढाणियों में व डोर टू डोर जाकर मतदाताओं की नब्ज टटोल कर अपने-अपने समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे है। सोशल मीडिया पर भी सरपंच उपचुनाव को लेकर चुनावी माहौल बना हुआ है।

# विवाह स्थलों का पंजीयन करावे, नहीं तो होगी कार्यवाही - आयुक्त

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 (2009 का अधिनियम संख्या 18) के अन्तर्गत (विवाह स्थल का पंजीयन) उपविधि, 2010 के तहत विवाह स्थलों का पंजीयन करवाया जाना अनिवार्य है। नगर निगम अलवर आयुक्त जितेंद्र सिंह नरुका ने बताया कि नगर निगम अलवर सीमा क्षेत्र में स्थित विवाह स्थल (ऐसे समस्त भूखण्ड/फार्म/सामुदायिक केन्द्र/भवन / क्लब/बैंक्वेट हॉल इत्यादि जो सगाई/शादी/जन्म दिवस एवं अन्य प्रकार के सामाजिक समारोह/उत्सव / प्रदर्शनी/कन्वेंशन / गरबा उत्सव / नव वर्ष आयोजन इत्यादि प्रयोजनार्थ उपयोग में लिए जाते हैं) संचालकों को सूचित किया है कि वे अपने विवाह स्थल का पंजीयन करवाया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन विवाह स्थल संचालकों द्वारा पूर्व में पंजीयन करवाया गया है, एवं पंजीयन उपरान्त प्रत्येक वित्तीय वर्ष का निर्धारित शुल्क निगम कोष में जमा नहीं करवाया गया है, जमा करवाया जाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम अलवर सीमा क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति, संस्थान अथवा कम्पनी द्वारा निगम की अनुमति के बिना ऐसे स्थान का विवाह स्थल अथवा अन्य प्रयोजनार्थ उपयोग किया जाता है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ के दो प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए




♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय शिक्षा मंत्रालय नीति आयोग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय स्तर पर विद्यार्थी हेतु विभिन्न सामाजिक समस्याओं को लेकर नवीन समाधान विकसित करने हेस्कूल इनोवेशन मैराथन का आयोजन किया गया।स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया की स्थानीय विद्यालय के दो प्रोजेक्ट प्रथम चरण पर चयनित किए गए हैं इन प्रोजेक्ट को अंतिम स्तर पर चयनित होने के पश्चात शिक्षा मंत्रालय द्वारा दो लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। विद्यालय के जीव विज्ञान शिक्षक एवं उक्त प्रोजेक्ट के मार्गदर्शक प्रभु सिंह ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र खुश कलाल एवं कुसुम टांक तथा कनिष्ठ वर्ग में कक्षा सातवीं की दो छात्राओं दृष्टि सिंह एवं अंजलि सिह की टीम का चयन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के दो प्रोजेक्ट का चयन होना विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण विषय है अब उक्त छात्र-छात्राओं को शिक्षकों द्वारा आगामी चयन हेतु मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जा रही है।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स ओर अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147
9799911545

# मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना प्रशिक्षण बैच का उद्घाटन

## महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए राज्य सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदमः शोभा लाल रेगर




♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** नगर में मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत मंगलवार को नारी शक्ति कौशल संवधर्न योजना प्रशिक्षण बैच का शुभारम्भ कॅरियर ज्ञान केंद्र पर हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर और उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान यूथ आइकॉन पेडवुमन भावना पालीवाल ने की ।अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ।पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप राज्य सरकार युवा, महिला, किसान, मजदूर के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं उद्यमिता के लिए गत एक वर्ष के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो परिवार भी सशक्त होता है। सशक्त समाज बनता है और एक अच्छे राष्ट्र का विकास होता है। हमारी सरकार पहले ही दिन से इसी सोच के साथ काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत चयनित बालिकाओं को निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की गई। पालिका उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने बेटियों को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई है। जिससे बेटियों को कंप्यूटर की शिक्षा का भी ज्ञान हो। कॅरियर ज्ञान केंद्र प्रबंधक महेश पालीवाल ने आधारभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण (आर एस सी आई टी), जीएसटी टैली आधारित वित्तीय लेखांकन प्रशिक्षण (आर एस सी एफ ए ) में चयनित युवतियों को शुभकामनाएं प्रदान की आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिला अधिकारिता , महिला एवं बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा आर के सी एल के माध्यम से महिलाओं ओर बालिकाओं को आई टी सेक्टर में सशक्त बनाने के लिए ऐसे निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इस मौके पर निकिता वैष्णव, रिद्धिमा चौहान, वेदही परिहार, अरीना, भावना सुखवाल, अवंतिका शर्मा, अर्पिता शर्मा, किरण सुखवाल, मोनिका गाँधी, मोहिनी कुमारी, मनीषा कुमारी, कृष्णा खोखर, मंजुबाला, खुशबु सुथार, ऋतू सालवी, दिव्या कुमारी, फूली कुमारी, संगीता रेगर, मोनिका सोनी, प्रियंका सोनी सहित कई लाभार्थी युवतियां मौजूद रही।

# आइसोलेशन में काम करने के बजाय आपसी समन्वय से योजनाओं को सफल बनाएं :कलेक्टर

## संपर्क पोर्टल पर विद्युत विभाग, पीएचईडी और सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग की परफोर्मेंस श्रेष्ट :कलेक्टर

**जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ली अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक**

♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार को समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा की।कलक्टर ने बैठक की शुरूआत में ही सभी अधिकारियों से कहा कि अधिकारी आइसोलेशन में काम न करें, एक दूसरे से समन्वय बनाकर रखें, जिन योजनाओं में एक से अधिक विभागों की सहभागिता है वहाँ कॉर्डिनेट करते रहें एवं योजनाओं को सफल बनाएं, बेहतर नतीजे मिलेंगे।संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने समस्याओं का समय पर समाधान करने पर श्रेष्ट तीन विभागों विद्युत विभाग, जलदाय विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की प्रशंसा की। साथ ही निम्न प्रगति वाले विभागों को सुधार करने के निर्देश दिए।कलक्टर ने कहा कि जब तक समस्याओं को लेकर माइक्रो लेवल तक नहीं जाएंगे तब तक बेहतर स्थिति नहीं आएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से सीधी बात करें और उनका दर्द समझ कर समय पर समाधान करें।शिक्षा विभाग से निशुल्क यूनिफॉर्म योजना के साथ-साथ मिड डे मिल की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने कहा कि स्कूलों में भोजन में गुणवत्ता सुनिश्चित करें, साथ ही मसाले और अन्य सामग्री जहां तक



संभव हो एसएचजी ग्रुप की ग्रामीण महिलाओं से खरीदे जिससे इन निर्धन महिलाओं को संबल प्राप्त हो।अपार आईडी की समीक्षा के दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नए कुल प्रगति 71.6 प्रतिशत होना बताया, जिसमें सरकारी स्कूलों की प्रगति 77.53 प्रतिशत तथा निजी विद्यालयों की प्रगति 55.96 प्रतिशत होना सामने आया, इस पर कलक्टर ने आधार संबंधी समस्याएं दूर करते हुए प्रगति बेहतर कर हर बच्चे को अपार से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।शाला स्वास्थ्य की समीक्षा के दौरान चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से 71 में से उदयपुर रेफर हुए 45 बच्चों के संबंध में डिटेल में जानकारी लेकर कहा कि बीमारी के अनुसार इनका वर्गीकरण करें, आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में भी निशुल्क उपचार करवा सकते हैं, इस पर चिकित्सा विभाग ने दो दिन में प्रभावी कार्य योजना प्रस्तुत करने की बात कही।विद्युत विभाग से घरेलू, अघरेलू, जलदाय, औद्योगिक कनेक्शन के संबंध में समीक्षा की। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति बेहतर करने के लिए अगले सप्ताह सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कलेक्ट्रेट में बुलाने के निर्देश दिए।पशुपालन विभाग को मंगला पशु बीमा योजना में बेहतर प्रगति पर बधाई दी। पंचायतीराज विभाग से मनरेगा, अपूर्ण कार्यों, कैटल शेड, फार्म पॉण्ड, पौधशाला, विधायक और सांसद मद के लंबित कार्य, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मॉडल विलेज, पिंक टॉयलेट, लिगसी वेस्ट अभियान की समीक्षा की। कलक्टर ने कहा कि इस महीने के अंत में एक बार पुनः सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाएगा।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन, कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना की समीक्षा की। चिकित्सा विभाग से मा वाउचर योजना, 100 दिवस के टीबी प्रोग्राम, निजी चिकित्सालयों में प्रसव का डाटा अद्यतन करने आदि को लेकर पूछा। साथ ही प्रधानमंत्री वय वंदना योजना तथा आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत ई केवायसी की प्रगति को बेहतर करने के निर्देश दिए।जलदाय विभाग से जल जीवन मिशन के लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पानी की डिमांड और सप्लाई की समीक्षा की।राजीविका डीपीएम डॉ सुमन अजमेरा से प्रोजेक्ट सक्षम सखी के द्वितीय संस्करण के तहत 1 मार्च को आयोजित होने जा रहे होली मेले तथा मेगा क्रेडिट कैंप को लेकर समीक्षा करते हुए तैयारियों पर चर्चा की। जिला रसद अधिकारी विजय सिंह से राशन कार्ड और आधार साइडिंग, उचित मूल्य की दुकानों की स्थिति, रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना, सहकारिता विभाग से कस्टम हायरिंग सेंटर, पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की प्रगति जानी।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी का जागरुकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित





♦भारत टाइम्स♦

**चोहटन / डूंगर राठी ।** भ्रष्टाचार के विरूद्ध राज्य सरकार की जीरो टोलरेन्स नीति के तहत मंगलवार को पंचायत समिति परिसर में में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बाड़मेर द्वारा आयोजित इस अभियान का के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए जन जागरण का कार्यक्रम था पंचायत समिति परिसर में आने वाले लोगों के मध्य संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। पंचायत समिति चौहटन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आमजन को भ्रष्टाचार से लड़ने और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में भ्रष्टाचार ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने ब्यूरो ने आम नागरिकों क कहा कि यदि कोई भी लोकसेवक वैध कार्यों के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी शिकायत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 या वॉट्सऐप नंबर 9413502834 पर दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही, विभिन्न सरकारी कार्यालयों में इस संबंध में पोस्टर चस्पा कर जागरूकता बढ़ाई गई। इस कार्यक्रम की कार्यशाला में सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद हनीफ ने आमजन को एसीबी की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया और भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में सहयोग देने की अपील की गई। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल सोहनलाल तथा मिश्रीमल ने भी भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस कार्यशाला में खेत सिंह घोनिया ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार के कार्मिक अगर भ्रष्टाचार करें तो किस पर शिकायत की जाती जिस पर अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों के नंबर देकर यहां पर उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार की अंकित किया जा सकता है। नेहरू नवयुवक मंडल के संरक्षक डूंगर राठी ने कहा कि इस तरह आयोजन करने से पूर्व आमजन को एकत्रित करने के लिए पूर्व में सूचना देनी चाहिए ताकि और अधिक पारदर्शक तथा कार्यक्रम में अधिक संख्या लोगो को जागरूक किया जा सके ।

# सौ से ज्यादा कंपनियों के द्वारा तीन हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा जॉब, सत्येन्द्र बारी

**पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी एस आर ग्रुप के डायरेक्टर कौशल चंद्र से मिलते हुए**



♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** लखनऊ एसआर कॉलेज में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में सौ से ज्यादा कंपनियों के द्वारा तीन हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार।पंद्रह फरवरी तक करना होगा रजिस्ट्रेशन और इक्कीस को होगी प्लेसमेंट।पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी ने बताया कि पूरे प्रदेश में प्रवास के दौरान युवाओं की सबसे बड़ी समस्या थी नौकरी की।इसी समस्या के समाधान के लिए बहुत बड़े रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

15 फरवरी को रजिस्ट्रेशन करवाना है और 21 फरवरी को होने वाले रोजगार मेले में सम्मिलित होना है।निश्चित रूप से यह प्रयास युवाओं के लिए बहुत लाभदायक होगा।आगे ऐसी ही और लाभकारी योजनाओं के साथ आपकी सेवा में उपस्थित रहूंगा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/राजेश गुप्ता।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलवर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर एक विचार -गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्टी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन कार्यकर्ता के लिए सदैव एक आदर्श का मार्ग है जिसका अनुसरण हमें जीवन पर्यंत करना चाहिए इस अवसर पर जिला महामंत्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा,मंत्री ऋषिराज शर्मा, प्रवक्ता हुकुम फागाना,मीडिया प्रभारी लक्ष्मी हलवानी, जितेंद्र सैनी जितेंद्र राठौर, महेश निहलवानी, मनोज चौहान, ओमप्रकाश शर्मा दौलत शर्मा कमलकांत जांगिड़ रवि राज चौहान विजेंद्र शर्मा रवि शर्मा रमेश जाटव, कुंदन लाल जाटव,विमल सैनी प्रभु दयाल शर्मा, प्रेम भारद्वाज, सुनील अहलावत, राजकुमार शर्मा, श्याम यादव, यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

# राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में उठाई ब्यावर में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग

♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सभा की कार्यवाही में भाग लेते हुए राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने ब्यावर में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की मांग पुरजोर ढंग से उठाई। मेवाड़ ने संसद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा को बहुत महत्व दिया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा मंत्रालय ने भी कई अभिनव पहल की है।राजसमंद संसदीय क्षेत्र में ब्यावर नवगठित जिला है। यहाँ नवोदय विद्यालय नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए नासीराबाद (अजमेर) जाना पड़ रहा है। अगर यहाँ नवोदय विद्यालय का निर्माण किया जाता है तो शिक्षा के के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल सकेंगे और बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा।उन्होंने यह भी कहा कि वे राजसमंद संसदीय क्षेत्र की मांग समय समय पर संसद में उठाती रहेंगी।



# समाजसेवी डॉ. महेश सोनी को महाकुंभ अमृत स्नान सनातन गौरव सम्मान 2025 से स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



♦भारत टाइम्स♦

**सोजत सिटी।** जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव व राजस्थान इंडियन स्टार व सोजत भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष डॉक्टर महेश सोनी सोजत सिटी को भामाशाह व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर आर्या पब्लिकेशन संस्थापक सौरभ पाण्डेय लखनऊ द्वारा समाजसेवी डॉ. महेश सोनी सोजत सिटी जिला पाली राजस्थान को स्वर्णिम महाकुंभ अमृत स्नान सनातन गौरव सम्मान समारोह 2025 के शुभ अवसर पर महाकुंभ अमृत स्नान सनातन गौरव सम्मान पत्र 2025 से आपको समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर ऑनलाइन सम्मानित किया गया। एव महाकुंभ अमृत स्नान सनातन गौरव सम्मान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। एवं समाजसेवी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी ने आर्या पब्लिकेशन संस्थापक सौरभ पाण्डेय लखनऊ का आभार जताया।

# नगरीय निकाय मतदान समाप्ति तक 70.71 प्रतिशत हुआ मतदान

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम)।** नगरीय निकाय निर्वाचन नारायणपुर में आज मंगलवार को हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। नगरीय निकाय में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं द्वारा पूरे जोश के साथ सवेरे से ही घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों पर पहुंच कर मतदान किया गया। मतदान केन्द्रों पर महिला पुरूषों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। बुजुर्ग मतदाताओं के साथ नये मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक घरों से निकलकर मतदान करने आगे आये। नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर में प्रातः 8 से 10 बजे तक 15.67 प्रतिशत, 12 बजे तक 32.67 प्रतिशत, 02 बजे तक 59.25 प्रतिशत और 04 बजे तक 64.40 प्रतिशत मतदान किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 70.71 प्रतिशत मतदान हुआ।

# चिकित्सालय में कम्प्यूटर आपरेटर्स का 2 घंटे का कार्य बहिष्कार

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय के कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा वेतन नहीं मिलने पर 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया गया । जिसमें सामान्य चिकित्सालय, महिला एवं शिशु चिकित्सालय के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा विरोध दर्ज कराया। इसमें संविदा कर्मी कम्प्यूटर आपरेटर सचिव यश जोशी ने बताया कि वेतन और एरियर राशि का भुगतान नहीं करने पर सभी कर्मचारियों मे रोष व्याप्त है। कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर नितेश शर्मा ने बताया कि फर्म ने एरियर अभी तक नहीं दिया। हर महीने में वेतन देरी से जमा होता है । प्लेसमेंट एजेंसी और ठेकेदार सहित प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को एक दिन पहले ही 2 घंटे का कार्य बहिष्कार के लिए अवगत कराया गया। उसके बावजूद भी समाधान नहीं होने पर काम का बहिष्कार करना पड़ा । इसे मरीजों कि पर्ची, मुख्यमंत्री आरोग्य, जांच एवं दवा योजना एवं अकाउंट आफिस का कार्य बंधित रहा । मामले में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील चौहान का कहना है कि संबंधित फर्म पर नियम अनुसार कारवाही एवं 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसमें ज्ञानेंद्र, हुकम शर्मा, नितेश राजौरा, मनोज, रूपसिंह, अखिल शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, तरुण शर्मा, दिपक, देवेन्द्र शर्मा, मुरारी, तेज कुमार शर्मा, धर्मेंद्र, मुकुल मीणा, प्रिया मीणा, कपिल शर्मा, राजेश, राकेश तिवारी अन्य कम्प्यूटर आपरेटर साथी मौजूद रहे।



# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया






इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निमार्ताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है?

शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलडे.में रुपया है और दूसरे पलडे.में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी-बडी.कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थिति हो गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है। सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति-विहीन बनाती है, कमजोर करती है।

> इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था।

# संत रविदास जयंती : मन ही पूजा मन ही धूप, मन ही सेऊं सहज स्वरूप



अर्थात निर्मल मन में ही भगवान वास करते हैं। अगर आपके मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है तो आपका मन ही भगवान का मंदिर, दीपक और धूप है। ऐसे पवित्र विचारों वाले मन में प्रभु सदैव निवास करते हैं। यह वाणी मेरे नहीं, बल्कि उस महान संत शिरोमणि रविदास जी के है, जिन्होंने अपनी कविताओं से समाज सुधार में रहा बड़ा योगदान दी है। वह कवि होने के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज में फैली बुराईयों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु रविदास को रैदास के नाम से भी जाना जाता है। वह एक संत और कवि थे, जिनका भक्ति आंदोलन में अहम योगदान था. उन्होंने समाज विभाजन को दूर करने और व्यक्तिगत आध्यात्मिक आंदोलन को बढ़ावा देने पर जोर दिया. संत रविदास बस एक ही रास्ता जानते थे, जो कि भक्ति का है. इनका प्रसिद्ध मुहावरा ह्लमन चंगा तो कठौती में गंगाह्ल है जो आज के समय में भी काफी प्रसिद्ध है. संत गुरु रविदास का जन्म 1377 ई में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था. पंचांग के अनुसार, इनका जन्म माघ मास की पूर्णिमा तिथि को हुआ था. इसके अलावा इनके जन्म को लेकर एक दोहा भी प्रचलित है जो इस प्रकार है- चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास. दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास. गुरु रविदास जयंती को मनाने की प्रमुख वजह उनके द्वारा जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को खत्म करने का है। इसके अलावा उन्होंने समाज में समानता और न्याय के लिए भी लड़ाई लड़ी थी. साथ ही इन्होंने अपने दोहों से समाज के लोगों को सही राह दिखाने का भी काम किया था. गुरु रविदास जी ने सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे लोगों में अच्छे गुणों का संचार हो सके. इस साल 12 फरवरी को रविदास जयंती मनाई जाएगी भारत में ऐसे कई महान संतों ने जन्म लिया है, जिन्हें उनके योगदान के लिए आज तक याद किया जाता है। ऐसे ही एक संत गुरु रविदास भी हैं। 15वीं शताब्दी के महान संतों में से एक रहे रविदास जी द्वारा लिखित दोहे आज भी लोगों की जुबान पर हैं। समाज की उन्नति के लिए किया गया उनका योगदान आज भी सहायनीय है। उन्होंने समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी रचनाओं में आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता का संदेश मिलता है। उन्होंने अपनी रचनाओं में समाज से जातिवाद, भेदभाव और समाजिक असमानता के भाव को हटाकर भाईचारे और सहिष्णुता का भाव अपनाने के संदेश दिया, जिसका उस समय के लोगों पर काफी सकारात्मक असर पड़ा था। इसी के साथ गुरु रविदास जी ने शिक्षा के विशेष जोर दिया। विख्यात संत मीराबाई भी रविदास जी को ही अपना गुरु मानती थीं। संत रविदास ने हमेशा जातिवाद को त्यागकर प्रेम से रहने की शिक्षा दी। उन्होंने अच्छे कर्मों और गुणों को जरूरी माना है। लोगों का भला करना और साफ मन से भगवान में आस्था रखना ही उनका स्वभाव था। संत रविदास को कभी भी धन का मोह नहीं रहा। उनके बताए दोहों को समझकर अपनाने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ेगी और सफलता भी मिल सकती है। करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस कर्म मानुष का धर्म है, सत भाखै रविदास। अर्थात हमें हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नही छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा सौभाग्य है। रविदास जन्म के कारनै, होत न कोउ नीच, नर कूँ नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच। अर्थात सिर्फ जन्म लेने से कोई नीच नही बन जाता है, इन्सान के कर्म ही उसे नीच बनाते हैं। ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन, पूजिए चरण चंडाल के जो होने गुण प्रवीन। अर्थात किसी को सिर्फ इसलिए नहीं पूजना चाहिए क्योंकि वह किसी पूजनीय पद पर है। यदि व्यक्ति में उस पद के योग्य गुण नहीं हैं तो उसे नहीं पूजना चाहिए। इसकी जगह अगर कोई ऐसा व्यक्ति है, जो किसी ऊंचे पद पर तो नहीं है लेकिन बहुत गुणवान है तो उसका पूजन अवश्य करना चाहिए। उनकी ये कविताएं आज भी समाज में फैली बुराईयों को रोकने में कारगर भूमिका निभाती है। रविदास जन्म के कारनै, होत न कोउ नीच नकर कूं नीच करि डारी है, ओछे करम की कीच। अर्थात कोई भी व्यक्ति किसी जाति में जन्म के कारण नीचा या छोटा नहीं होता है। किसी व्यक्ति को निम्न उसके कर्म बनाते हैं। इसलिए हमें सदैव अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। हमारे कर्म सदैव ऊंचें होने चाहिए। गुरु रविदास मध्यकाल में एक भारतीय संत, कवि, सद्गुरु थे, इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थीं. उन्होंने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी, इसलिए हर साल माघ महीने की पूर्णिमा तिथि को संत रविदास जयंती मनाई जाती है. इनका जन्म 1450 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था. कहते हैं रविदास जी की जयंती पर पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व होता है, इस दिन उनके अनुयायी नगर कीर्तन करते हैं और जगह-जगह लंगर का आयोजन भी किया जाता है. यह गुरु रविदास जी की 648वीं जन्म वर्षगांठ है, इस दिन संत रविदास के भक्त शोभा यात्रा निकालते हैं. इसके साथ ही सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी पालन करने का संकल्प लेते हैं. संत रविदास जी बिना भेदभाव के सद्भाव और प्रेम से रहने की शिक्षा देते थे, ऐसे में उनके जन्म दिवस पर उनके अनुयायी इसका संकल्प लेते हैं।

# संपादकीय

## महाकुंभ में गंगा और यमुना से हर दिन निकल रहा कितना कचरा? दिन-रात काम में लगी हैं ट्रैश स्कीमर मशीनें...



गंगा-यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए ट्रैश स्कीमर मशीनें लगाई गयी हैं महाकुंभ मेले में हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। गंगा स्नान के बाद पूजा अर्चना के दौरान कई बार लोग नदी में फूल व अन्य सामग्री प्रवाहित करते हैं। श्रद्धालु गंगा स्नान के दौरान किसी भी तरह की गंदगी का सामना न करें, इसके लिए महाकुंभ मेला प्रशासन लगातार दिन-रात काम कर रहा है। महाकुंभ मेले में महाकुंभ में गंगा-यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए ह्यट्रैश स्कीमर मशीनें लगाई गयी हैं। ये मशीनें हर दिन गंगा-यमुना से 10 से 15 टन कचरा निकाल रही हैं। यूपी सरकार के एक बयान के अनुसार, निगम न सिर्फ श्रमिकों के जरिए बल्कि आधुनिक तरीके से भी गंगा-यमुना के संगम को स्वच्छ बनाने का काम हो रहा है। इसके लिए बकायदा ट्रैश स्कीमर मशीनें लगाई गई हैं। ये मशीनें हर दिन गंगा-यमुना से 10 से 15 टन कचरा निकाल रही हैं। बयान में कहा गया कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ की तैयारी करीब चार साल पहले ही शुरू कर दी गई थी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को साफ और स्वच्छ जल मिले, इसके लिए एक ह्यट्रैश स्कीमरह्ल मशीन लगाई गई। बयान के मुताबिक, तब यह मशीन 50-60 क्विंटल कचरा हर दिन निकालती थी। उसकी कार्य प्रणाली को देखते हुए करीब दो साल पहले एक और मशीन को प्रयागराज नगर निगम ने खरीदा। इसके बाद नदियों की सफाई की रफ्तार दोगुनी हो गई। कैसे काम करती है ह्यट्रैश स्कीमरह्ल मशीन? ट्रैश स्कीमर की मदद से पानी की सतह पर तैर रहे कचरे को इकट्ठा किया जाता है। इस मशीन का इस्तेमाल नदियों, बंदरगाहों और समुद्रों में कचरा साफ करने के लिए होता है। यह मशीन प्लास्टिक, बोतलें, धार्मिक कचरा, कपड़े, धातु की वस्तुएं, पूजा अपशिष्ट, मृत पशु और पक्षी आदि को एकत्र करती है। नगर निगम के एक अधिकारी के मुताबिक, मशीन से एकत्र किए गए कचरे को नैनी के पास ही एक जगह डाल दिया जाता है। वहां से इस कचरे को रोजाना गाड़ियों से बसवार स्थित में ले जाया जाता है। वहां इस कचरे से नारियल, प्लास्टिक और अन्य सामग्री को अलग किया जाता है। प्लास्टिक को रि-साइकिल के लिए भेजा जाता है, जबकि अन्य सामग्री का खाद बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

## आस्था...

# 28 फरवरी से इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम...

कर्मफलदाता शनि एक निश्चित अवधि के बाद राशि परिवर्तन करने के साथ-साथ अस्त या उदित होते हैं। बता दें कि इस समय शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में विराजमान है। वहीं, शनि 28 फरवरी को शाम 7:01 बजे कुंभ राशि में अस्त हो जाएंगे और 37 दिनों तक अस्त अवस्था में रहकर 6 अप्रैल 2025 को उदित हो जाएंगे। शनि के अस्त होने से 12 राशियों के साथ-साथ देश-दुनिया पर काफी असर देखने को मिलेगा। आइए जानते है लकी राशियों के बारे में मीन राशि शनि का अस्त होना इस राशि के लिए अनुकूल साबित हो सकता है। न्याय के देवता शनि इस राशि के बारहवें भाव में अस्त होंगे। इस राशि में शनि की साढ़े साती चल रही है। शनि के अस्त होने से साढ़े साती का प्रभाव थोड़ा कम हो सकता है। ऐसे में मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है। नौकरी और बिजनेस में काफी लाभ मिल सकता है। लंबे समय से रुके काम पूरे हो सकते हैं। बिजनेस के क्षेत्र में आप अपने प्रतिद्वंतियों को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही आपको काफी मुनाफा हो सकता है। जीवन में सुख-वैभव आएगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है। धन के दाता शुक्र इन राशियों पर रहेंगे मेहरबान, दैत्यों के गुरु ने किया शनि के नक्षत्र में प्रवेश, नई नौकरी के साथ धन लाभ के योग धनु राशि इस राशि में शनि तीसरे भाव में गोचर करने वाले है। ऐसे में इस राशि के जातकों को खूब लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा किए गए प्रयासों से आपको खूब सफलता हासिल हो सकती है। परिवार के साथ अच्छा वक्त बीत सकता है। जीवन में संतुष्टि मिल सकती है। करियर में आपको इंसेंटिव और बोनस प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आय में तेजी से वृद्धि होगी और बचत करने में भी कामयाब हो सकते हैं। व्यापार की बात करें, तो किसी कारण आप कई यात्राएं कर सकते हैं। लेकिन इससे आपको अच्छा खासा मुनाफा हो सकता है। लव लाइफ अच्छी जाने वाली है और आप एक-दूसरे से खुलकर बात करेंगे। कन्या राशि इस राशि के जातकों के लिए शनि का अस्त होना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इस राशि में शनि छठे भाव में अस्त होने वाले हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को नौकरी-बिजनेस में अपार सफलता हासिल हो सकती है। लंबे समय से रुके काम पूरे होने के साथ-साथ धन धान्य की बढ़ोतरी हो सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।

मेष: आपकी जी-तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे। लेकिन तरक़्क़ी की रफ़्तार बरकरार रखने के लिए मेहनत इसी तरह जारी रखें। अटके हुए मामले और घने होंगे व खर्चे आपके दिमाग पर छा जाएंगे। सबको अपनी महफिल में दावत दें। क्योंकि आपके पास आज अतिरिक्त ऊर्जा है, जो आपको किसी पार्टी या कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्रेरित करेगी। प्यार बहार की तरह है; फूलों, रोशनी और तितलियों से भरा हुआ। आज आपका रोमानी पहलू उभरकर आएगा। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो।

वृषभ: आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी। आपको आश्चर्य में डालते हुए आपके बचाव में आपका भाई आगे आएगा। आपको एक-दूसरे की खुशी के लिए आपसी सहयोग और साथ में मिलकर काम करने की जरूरत है। याद रखें कि सहयोग जीवन का केंद्र-बिंदु है। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। उसे कोई प्यारा सरप्राइज देने की योजना बनाएँ और इसे उसके लिए एक खूबसूरत दिन में तब्दील करने के बारे में सोचें।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा।

मिथुन: एक आध्यात्मिक व्यक्ति आशीर्वाद की वर्षा करेगा और मन की शांति लेकर आएगा। भाई बहनों की मदद से आज आपको आर्थिक लाभ मिल पाएगा। अपने भाई बहनों की सलाह लें। कुल मिलाकर फायदेमंद दिन है। लेकिन आप समझते थे जिसपर आप आँखें बंद करके यक़ीन कर सकते हैं, वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आज आप जीवन में सच्चे प्रेम की कमी का अनुभव करेंगे। ज्यादा चिंता न करें, हर चीज समय के साथ बदलती है और इसलिए आपकी रोमांटिक जिंदगी में भी बदलाव आएगा। दफ़्तर में अपनी गलती स्वीकार करना आपके पक्ष में जाएगा।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो।

कर्क: मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी। आज किसी विपरीत लिंगी की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है। क्या आपने कभी गुलाब और केवड़े की महक को एक साथ महसूस किया है? आज आपकी ज़िन्दगी प्यार-मोहब्बत के नजरिए से ऐसे ही महकने को है। नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी। आपका संगी आपसे सिर्फ कुछ समय चाहता है लेकिन आप उनको समय नहीं दे पाते जिससे वो खिन्न हो जाते हैं।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे।

सिंह: आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक़्त देंगे। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। किसी से अचानक हुई रुमानी मुलाकात आपका दिन बना देगी। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

कन्या: दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। बिना किसी की सलाह लिये बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी। अगर आप अपने प्रेमी के साथ कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं तो कपड़े सोच-समझकर पहनें। अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपका प्रेमी आपसे नाराज हो सकता है। आज आप अतिरिक्त जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले सकते हैं, जो आपके लिए ज्यादा आय और प्रतिष्ठा का सबब साबित होगी।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते।

तुला: कुछ दिलचस्प पढ़कर थोड़ी दिमागी कसरत करें। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। आपके व्यक्तिगत जीवन में कुछ महत्वपूर्ण घटित होगा, जो आपके और आपके परिवार के लिए प्रसन्नता लेकर आएगा। अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें। दफ़्तर में स्नेह का माहौल बना रहेगा। इस राशि के जातक आज खाली वक्त में रचनात्मक काम करने का प्लान तो बनाएंगे लेकिन उनका यह प्लान पूरा नहीं हो पाएगा। आपके और आपके जीवनसाथी के दरमियान कोई अजनबी नोंकझोंक की वजह बन सकता है।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।

वृश्चिक: खुद को परिष्कृत करने की कोशिश कई तरीकों से अपना असर दिखाएगी- आप खुद को बेहतर और आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस करेंगे। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं। प्रेम-संबंध में गुलाम की तरह व्यवहार न करें। अगर आप कामकाज के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव बनाएंगे तो लोग भड़क सकते हैं झ कोई भी फैसला लेने से पहले दूसरों की जरूरतों को समझने की कोशिश करें।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे।

धनु: आस-पास के लोगों का सहयोग आपको सुखद अनुभूति देगा। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। सामाजिक समारोह में परिवार के साथ शामिल होना सबके लिए अच्छा अनुभव रहेगा। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपके प्रिय का फोन आएगा। आज के दिन किस्मत आपका साथ देगी और आपको लाभ होगा, क्योंकि आप सही समय पर सही जगह उपस्थित होंगे। अपने घर में बिखरी चीजों को संभालने का आज आप प्लान करेंगे लेकिन आपको इसके लिए आज खाली समय नहीं मिल पाएगा।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी।

मकर: अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाएँ नहीं। आत्मविश्वास की कमी को खुद पर हावी न होने दें, क्योंकि यह सिर्फ आपकी समस्या को और जटिल बनाएगा, साथ ही आपकी तरक़्क़ी में भी रोड़ा अटकाएगा। अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने के लिए अपनी बात खुल कर कहें और परेशानियों का सामना होठों पर मुस्कुराहट के साथ करें। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। बच्चों से मिली खुशखबरी दिन बना सकती है। गर्लफ़्रेंड/बॉयफ़्रेंड के साथ अभद्र व्यवहार न करें।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा।

कुंभ: स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज्यादा-से-ज्यादा रुमानी हो। आज के दिन कार्यालय का माहौल बढ़िया बना रहेगा। इस राशि के लोग बड़े ही दिलचस्प होते हैं।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची।

मीन: आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें। आज के दिन आप सबके ध्यान का केंद्र होंगे और सफलता आपकी पहुँच में होगी। आज आप सारे रिश्तों और रिश्तेदारों से दूर होकर अपना दिन किसी ऐसी जगह पर बिताना पसंद करेंगे जहां जाकर आपको शांति प्राप्त होती है। परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी दिक़्क़त का सामना करना पड़ सकता है।



# लवयापा और बैडएस रवि कुमार पर भारी पड़ी नागा की थंडेल

जनवरी में जिन फिल्मों से उम्मीद लगाई गई थी, वो तो फ्लॉप हो गईं. वहीं जिनके बारे में कोई भी नहीं जानता था, वो पिक्चर इस साल की पहली ब्लॉकबस्टर बन गई. कुल-मिलाकर साल के पहले महीने में साउथ वालों का कब्जा रहा. अब फरवरी महीने की शुरुआत हुई, तो 3 फिल्में रिलीज हो गईं. आमिर खान के बेटे जुनैद और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की स्न1द्ग4डुश्चडु ने कुछ खास इम्प्रेस नहीं किया है. वहीं तीसरे दिन हिमेश रेशमिया की क्क्डुस्त्रड्डह्यद्ध ऋड्ड1द्ब द्मह्वद्वड्डह्ल भी बस 1 करोड़ कमा पाई है. पर इन दोनों फिल्मों से ज्यादा तो नागा चैतन्य की 'थंडेल' का कमाल देखने को मिल रहा है.

जुनैद खान और खुशी कपूर की 'लवयापा' को रिलीज हुए तीन दिन कंप्लीट हो चुके हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक तीसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है. फिल्म ने संडे को 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. दरअसल फिल्म ने जितने दूसरे दिन कमाए थे, उतना ही तीसरे दिन भी बिजनेस किया है. ओपनिंग डे पर यह कलेक्शन 1.15 करोड़ रुपये रहा था. वहीं दूसरे दिन की कमाई 1.65 करोड़ रह गई थी. वहीं भारत से फिल्म अबतक टोटल 4.45 करोड़ छाप चुकी है.

यूं तो संडे को हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रवि कुमार' कुछ खास इंम्प्रेस नहीं कर पाई है. पर फिल्म अब चाहे कितना भी कमाए, वो पॉजिटिव ही रहेगा. दरअसल हिमेश रिलीज से पहले ही बजट निकाल चुके हैं. फिल्म ने संडे को 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. फिल्म ने अबतक भारत से टोटल 6.15 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

बेशक संडे को हिमेश की फिल्म ने कम कमाए हो. लेकिन तीन दिनों का टोटल कलेक्शन देखा जाए, तो हिमेश ही आगे हैं. दरअसल आमिर खान के बेटे ने 4.45 करोड़ रुपये कमाए हैं. नागा चैतन्य की 'थंडेल' ने तीन दिनों में धूम मचाई हुई है. फिल्म ने तीसरे दिन 12.25 करोड़ का कारोबार किया है. यह अबतक का सबसे ज्यादा कलेक्शन है. पहले दिन फिल्म ने 11.5 करोड़ रुपये छापे थे. वहीं दूसरे दिन 12.1 करोड़ की कमाई हुई थी. अब तीसरे दिन तूफान उठा दिया. फिल्म की भारत से टोटल कमाई 35.85 करोड़ हो चुकी है।



# इस हफ्ते थिएटर में देखने को मिलेगा विकी कौशल की छावा, तो ओटीटी पर अमरीश पुरी के पोते की फिल्म

साल 2025 के दूसरे महीने यानी फरवरी के दूसरे हफ्ते कौन सी फिल्में रिलीज हो रही हैं. साथ ही कौन सी ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जो इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद होंगे. हम आपको बता रहे हैं 10 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 के बीच मनोरंजन की दुनिया में नया क्या होगा.हर हफ्ते की तरह इस हफ्ते भी कुछ फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देंगी. हालांकि इस हफ्ते वैलेंटाइन वीक है तो जरूर ही फ्रेश रोमांटिक कंटेंट की तलाश भी फैंस कर रहे होंगे. ऐसे में आइये जानते हैं कि 10 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक कौन सी ऐसी फिल्में हैं जो थिएटर में रिलीज हो रही हैं. साथ में ये भी जानते हैं कि आखिर इस दौरान कौन सी ऐसी वेब सीरीज और मूवीज हैं जिन्हें आप ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं.मौजूदा समय थिएटर्स पर वैलेंटाइन वीक की जबरदस्त धूम देखने को मिल रही है. कई सारी फिल्में री-रिलीज की गई हैं. वहीं साउथ और बॉलीवुड को मिला लिया जाए तो पिछले हफ्ते 3 ऐसी फिल्में भी हैं जो सिनेमाघरों में रिलीज हुई हैं. अब इस हफ्ते भी 2 फिल्में आ रही हैं. विकी कौशल इस वैलेंटाइन को अपनी फिल्म छावा लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म में वे संभाजी महाराज का रोल प्ले करते नजर आएंगे. फिल्म को लेकर अच्छी-खासी हाइप बनी हुई है. ये इस हफ्ते की सबसे बड़ी फिल्म है जो सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. इस फिल्म को आप 14 जनवरी 2025 को नजदीकी सिनेमाघरों में देख सकते हैं. दूसरी फिल्म का नाम है नखरेवाली. ये फिल्म भी 14 फरवरी को ही आ रही है. इस फिल्म को आनंद एल राय ने प्रोड्यूस किया है.थिएटर्स की तरह ही इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी कुछ फिल्में आ रही हैं. इन फिल्मों में एक फिल्म है बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी. 11 फरवरी 2025 को ये वेब सीरीज आ रही है. इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं. इसके अलावा नेटफ्लिक्स पर 14 फरवरी को धूम धाम फिल्म भी आ रही है।

# प्रियंका ने शेयर की सिद्धार्थ की शादी के अनमोल पल

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास ने सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी के अनमोल पलों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया। शादी के विभिन्न समारोहों से अपने लुक को दिखाते हुए, %बर्फी% अभिनेत्री ने अपने आईजी (इंस्टाग्राम) पर लिखा, भाई की शादी लेकिन फैशन भी, साथ में रेड हार्ट इमोजी भी लगाई। वहीं, निक जोनास ने पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, वाह। बहुत खूबसूरत था सब। भाई की शादी में प्रियंका चोपड़ा मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किए गए नीले रंग के लहंगे में नजर आईं। इससे पहले, उन्होंने संगीत समारोह के लिए फाल्गुनी शेन पीकॉक का डिजाइनर लहंगा चुना था। मेहंदी के मौके पर ग्लोबल स्टार ने राहुल मिश्रा का कोर्सेट लहंगा गाउन पहना था। अपनी जीत के बाद वह रोमांचित हैं प्रियंका चोपड़ा ने हल्दी समारोह के लिए खूबसूरत पीले रंग की कुर्ती और लहंगा लुक अपनाया। दूल्हे की बहन को शादी से पहले के एक समारोह में नारंगी रंग की स्लीवलेस कुर्ती, सुनहरे पलाजो पैंट और कढ़ाईदार ऑर्गेना दुपट्टा पहने देखा गया। पूर्व ब्यूटी क्वीन ने अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में हर लुक में जलवा बिखेरा। अभिनेत्री प्रियंका के साथ-साथ जीजू निक जोनास ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल का इस्तेमाल कर शादी के अनमोल क्षणों को साझा किया। इस पोस्ट में संगीत की रात, वरमाला समारोह, फेरे और शादी के बाद की रस्मों की झलकियां शामिल थीं। अमेरिकी गायक और अभिनेता ने फोटो-शेयरिंग ऐप पर लिखा, इन दो अद्भुत इंसानों के खूबसूरत मिलन को देखने के लिए भारत की एक क्विक ट्रिप (त्वरित यात्रा)।



# 27 वर्षीय मॉडल वेरा डिज्कमैन्स है दुनिया की मोस्ट वांटेड गर्लफ्रेंड!

**बॉयफ्रेंड बनने के लिए कतार में लगे हैं 5000 लड़के**

लंदन की एक युवती ने दावा किया है कि वह दुनिया की मोस्ट वांटेड गर्लफ्रेंड है। क्योंकि उससे दोस्ती करने के लिए एक दो या सौ दो सौ नहीं पूरे 5000 युवक लाइन में लगे हैं। इस युवती के इस खुलासे के बाद से सोशल मीडिया पर हलचल मची हुई है।सोशल मीडिया पर मौजूद लगभग हर सेलिब्रिटी के पास हजारों फ्रेंड रिक्वेस्ट हर रोज आती होंगी, लेकिन क्या किसी आम मॉडल की एक पोस्ट के बाद हजारों लोग उससे दोस्ती करने के लिए रिक्वेस्ट भेज सकते हैं। जवाब है हां! दरअसल, लंदन की एक युवती ने दावा किया है कि वह दुनिया की मोस्ट वांटेड गर्लफ्रेंड है। क्योंकि उससे दोस्ती करने के लिए एक दो या सौ दो सौ नहीं पूरे 5000 युवक लाइन में लगे हैं। इस युवती के इस खुलासे के बाद से सोशल मीडिया पर हलचल मची हुई है। कुछ लोग युवती के इस कदम से नाराज हैं तो कुछ उसके सपोर्ट में उतर आए हैं। आखिर कौन है यह युवती और क्यों हजारों लोग इससे दोस्ती करना चाहते हैं, आइए जानते हैं।हजारों बॉयफ्रेंड कतार में होने का यह सनसनीखेज दावा किया है 27 वर्षीय मॉडल वेरा डिज्कमैन्स ने। सोशल मीडिया पर 5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स वाली इस युवती ने पिछले दिनों एक पोस्ट करके सभी को चौका दिया। वेरा ने घोषणा की कि वह एक बॉयफ्रेंड बनाना चाहती हैं। जिसके लिए युवक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद देखते ही देखते कुछ ही समय में 5000 से ज्यादा लोगों ने वेरा का बॉयफ्रेंड बनने के लिए रिक्वेस्ट भेज दी। वेरा ने बताया कि भले ही उन्हें हजारों आवेदन मिले हैं, लेकिन इसमें से सिर्फ 3 ही लोग उसकी विश लिस्ट से मैच हो सके। उन्होंने उन सभी से बात भी की, लेकिन यह रिश्ता रोमांस में नहीं बदल पाया।वेरा ने अपने होने वाले बॉयफ्रेंड के लिए कई पैमाने निर्धारित कर रखे हैं। उनका बॉयफ्रेंड बुद्धिमान, जिम्मेदार, मजेदार और बहुत ज्यादा अमीर होना चाहिए। हालांकि ऐसा कोई साथी वह इस बार खोज नहीं पाई हैं। लेकिन वह अपनी तलाश जारी रखेंगी। वेरा का कहना है कि मैं एक फिट लड़की हूं और मुझे एक परफेक्ट बॉयफ्रेंड चाहिए। मैं किसी भी बात या जरूरत पर समझौता नहीं करना चा?हती। जब तक मुझे अपनी पसंद के अनुसार बॉयफ्रेंड नहीं मिल जाता, मैं तब तक सिंगल रहना ही पसंद करूंगी।

## परिवार और दोस्त हैं नाराज

दूसरी ओर वेरा की ऐसी घोषणा से उसका परिवार और दोस्त बहुत नाराज हैं और उन्हें वेरा से बात करना तक बंद कर दिया है। मॉडल का कहना है कि सभी लोग उनसे ईर्ष्या करने लगे हैं। वहीं परिवार और दोस्त वेरा की इस हरकत को अपमानजनक बता रहे हैं। वेरा का कहना है कि शुक्र है कि इन सबके बीच बहुत सारी महिलाएं मेरी इस इच्छा और कदम को सही बता रही हैं और खुलकर सपोर्ट भी कर रही हैं। युवती का कहना है कि उसे खुद आश्चर्य हो रहा है कि इतने सारे लोग उससे दोस्ती करना चाहते हैं। युवतियों को अपनी अहमियत समझनी चाहिए और अपनी सीमाएं भी स्पष्ट रूप से तय करनी चाहिए।

## वेरा को तलाश है एक ऐसे बॉयफ्रेंड की

वेरा का कहना है कि आज की युवतियों को खुद के प्रति सम्मान रखना चाहिए। एक बॉयफ्रेंड को हमेशा आपके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। जैसे एक शानदार डिनर डेट प्लान करना। अगर यह डेट बिना किसी प्रयासों के तय हो रही है तो आपको उस पर नहीं जाना चाहिए आप जब पूरी तरह से सहमत हों, तभी डेट पर जाएं।





# सोशल मीडिया पर जमकर तारीफें बटोर रहे ह यामी गौतम के लेटेस्ट लुक्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम पिछले कुछ समय से फिल्मों और लाइमलाइट से ब्रेक लेकर अपनी पर्सनल लाइफ को समय दे रही थी। जिसे वे ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रतीक गांधी के साथ अपने अपकमिंग फिल्म धूम-धाम से खत्म कर सेट्स पर वापसी करने जा रही हैं। यामी गौतम की ड्रामा फिल्म धूम-धाम नेटफ्लिक्स पर 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे के दिन रिलीज होने वाली है। जिसमें यामी ने कोयल और प्रतीक गांधी ने वीर का किरदार निभाया है। और दोनों एक्टर्स आजकल फिल्म को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। जिसमें यामी गौतम के लेटेस्ट लुक्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड सेट करने के साथ जमकर तारीफें बटोर रहे हैं। आइए यामी के लेटेस्ट लुक्स पर नजर डालते हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने इस एथेनिक लुक में बेहद खूबसूरत रस्टी पिंक कलर की बनारसी टिश्यू साड़ी को सुपर हॉट स्ट्रैपी ब्लाउज डिजाइन के साथ कैरी किया है। यामी गौतम अपने साड़ी लुक्स को ग्रेसफुली कैरी करना जानती हैं। जिसे उन्होंने सुपर नेचुरल पिंक ग्लोइंग मेकअप और ओपन हेयर स्टाइल के साथ कंप्लीट किया है। आप भी यामी के इस साड़ी लुक को देख इंस्पिरेशन ले सकती हैं।एक्ट्रेस यामी गौतम का ये सुपर स्टाइलिश बॉसी लुक सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया है। अपने सभी एथेनिक लुक्स से इंस्टाग्राम पर फैंस को तारीफें बटोरने वाली यामी ने इस लुक में भी जमकर तारीफें लूटी हैं।





# तलाक का दर्द झेला, प्यार में मिला धोखा अब दूसरी शादी करेंगी रश्मि देसाई


एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं. रश्मि की शादी नंदीश संधू के साथ हुई थी. लेकिन ये शादी चली नहीं और उनका तलाक हो गया. रश्मि ने शादी में कई दुख झेले. वहीं लव लाइफ में भी रश्मि को चीटिंग मिली. बिग बॉस के घर में रश्मि की लव लाइफ का खुलासा हुआ था. शो में अरहान खान आए थे. रश्मि का उनके साथ अफेयर रहा था. लेकिन शो में खुलासा हुआ कि अरहान रश्मि को चीट कर रहे हैं. रश्मि की किस्मत शादी और प्यार के मामले में थोड़ी अच्छी नहीं रही है. अब रश्मि ने दूसरी शादी को लेकर बात की है.आजतक की खबर के मुताबिक, रश्मि देसाई ने शादी और प्यार को लेकर बात की. रश्मि ने एक इंटरव्यू में कहा, मुझे प्यार के बारे में पता नहीं, लेकिन कई बार गलत नंबर डायल कर चुकी हूं. मुझे लगता है कि भगवान ने मेरे लिए लड़का नहीं बनाया है. वो भूल गए हैं. मेरी फैमिली अच्छा रिश्ता ढूंढ़ रही है. अगर अच्छा लड़का मिला तो शादी कर सकती हैं. लेकिन कोई जल्दबाजी नहीं है. इसके अलावा रश्मि ने बताया कि उन्हें कैसा लड़का चाहिए. रश्मि ने कहा कि वो ऐसा लड़का चाहती हैं तो चीजों को लेकर क्लियर हों. बता दें कि रश्मि देसाई की नंदीश संग 2011 में शादी हुई थी. लेकिन 4 साल के अंदर ही ये शादी टूट गई. रश्मि ने 2016 में तलाक ले लिया था. रश्मि का नाम सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जोड़ा गया. हालांकि, उन्होंने इसे कभी स्वीकार नहीं किया।

# नगरी निकाय चुनाव लखनपुर में 82.80 प्रति. हुआ मतदान कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

### हल्दी रस्म से उठकर युवती पहुंची मतदान केंद्र अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**विधायक राजेश अग्रवाल आदर्श मतदान केंद्र और अध्यक्ष पार्षद प्रत्याशियों ने अपने मतदान केंद्रों में किया मतदान।**





♦भारत टाइम्स♦

**लखनपुर सितेश सिरदार।** लखनपुर नगर पंचायत चुनाव 2025 शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। 11 फरवरी दिन मंगलवार को प्रातः 8 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ सुबह से ही मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे अपना वोट डाला और शाम 5 बजे 82.80%मतदान हुआ। जिसमें 84.98% पुरुष मतदाता 80.84% महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।सभी प्रत्याशियों की किस्मत अब ईवीएम मशीन में कैद हो चुकी है। 15 फरवरी को चुनाव परिणाम सामने आयेंगे। मंगलवार की दोपहर जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर ने निर्वाचन अधिकारियों के साथ लखनपुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तथा मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों कर्मचारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने निर्देशित किया। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल अपने गृह क्षेत्र लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र पहुंच मतदाताओं के साथ लाइन लगकर अपना मतदान किया साथ ही सभी नगर वासियों को अधिक से अधिक मतदान करने अपील भी किया।वही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने वार्ड क्रमांक 2, निर्दलीय प्रत्याशी अनिशा गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 3 और कांग्रेस प्रत्याशी सीखा जायसवाल ने वार्ड क्रमांक 12 में मताधिकार का प्रयोग किया साथ ही लखनपुर नगर पंचायत के 15 वालों के भाजपा कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों में मतदान किया है। लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 निवासी कविता मिंज पिता घासीराम मिंज ने हल्दी रस्म से उठकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लखनपुर नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र वार्डों में बनाया गया था। सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2025

# कलेक्टर ने आदर्श मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रतिशत की ली जानकारी

### निरीक्षण के दौरान कतार में खड़े मतदाताओं से निर्वाचन सुविधा संबंधी की चर्चा

♦भारत टाइम्स♦



**नारायणपुर छत्तीसगढ़(गोलू मरकाम )।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 03 तहसीलपारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 07 बखरूपारा और मतदान केन्द्र क्रमांक 04 बंगलापारा का निरीक्षण किया गया। तहसीलपारा मतदान केन्द्र में 488 पुरूष और 483 महिला मतदाता सूची में शामिल थे। इसी प्रकार बखरूपारा मतदान केन्द्र 07 (क) में 665 मतदाता शामिल थे, जिसमें 330 पुरूष, 334 महिला और तृतीय लिंग के 01 मतदाता ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। बखरूपारा मतदान केन्द्र 07 में 670 मतदाता शामिल हैं, जिसमें 301 पुरूष, 369 महिला मतदाता हैं। कलेक्टर ने बखरूपारा मतदान केन्द्र के निरीक्षण पश्चात मतदान केन्द्र क्रमांक 04 और 04 (क) बंगलापारा का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान अधिकारियो से निर्चाचन संबंधित जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान इस मतदान केन्द्र में 23 प्रतिशत मतदान किया गया था। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी और नगरपालिका सीएमओ आशीष कोर्राम उपस्थित थे।

# टर्बो का टायर फटने से पीछे आ रहे हैं टर्बो के टकराने से टर्बो क्षतिग्रस्त

### बड़ा हादसा होते-होते टला



♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन(अजयसिंह तोमर)।** मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के जाड़न नेशनल हाईवे पर शाम लगभग पांच ओर छह के बीच जयपुर की तरफ से पाली जा रहे नेशनल हाईवे 62 पर टर्बो का टायर फट गया टर्बो के पीछे चल रहा टर्बो आगे चल रहे टर्बो से टकराया गया जिससे टर्बो डिवाइडर तोड़कर बस्ती की तरफ मुड़ गया, दो महिलाएं देखते-देखते टर्बो की चपेट में आने से बाल बाल बच गई । दोनों टर्बो की टक्कर में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई ओर कोई भी कोई हताहत नहीं हुआ। दोनों वाहन चालक सही सलामत रहे टर्बो की भिडंत से जाम लग गया। जाडन पुलिस चौकी प्रभारी बिंजा राम मय दल मौके पर पहुंच कर दोनों टर्बो को हटाकर रास्ते को सुचारू करवाया। एलएनटी की मोबाइल गाड़ी तथा एम्बुलेंस एवं क्रेन भी मौके पर पहुंची। गनी मत रही की टर्बो पलटी नहीं खाया अगर टर्बो पलट जाता तो यहां दर्जनों लोग उसके नीचे आ सकते थे। कहावत चरितार्थ हुई कि जाको राखे सांइया मार सके ना कोई।

### पेपरफ्राई ने जारी की 'होम रिपोर्ट कार्ड रिवाइंड 2024'

# घर के डिजाइन ट्रेंड्स और उपभोक्ताओं के बदलते रूझानों का हुआ खुलासा

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई ।** भारत के प्रमुख फर्नीचर और होम गुड्स ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पेपरफ्राई ने अपनी 'होम रिपोर्ट कार्ड रिवाइंड 2024' जारी की है। इस रिपोर्ट में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और घर की डिजाइन में आए बदलावों पर जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में भारतीय उपभोक्ताओं की खरीदारी आदतें बदल चुकी हैं। अब लोग अपने घरों के लिए ज्यादा व्यक्तिगत, सुंदर और स्थान बचाने वाले समाधान पसंद कर रहे हैं। पेपरफ्राई के विश्लेषण में यह देखा गया कि मल्टी-फंक्शनल फर्नीचर, आकर्षक होम मेकओवर्स और स्थान बचाने वाले समाधान इस साल उपभोक्ताओं की पसंद बने हैं। ट्रेंड में रहने वाले कुछ उत्पाद हैं। वॉल डेकोर, सोफा थ्रोस, एब्सट्रैक्ट कारपेट्स, मैट फिनिश सर्ववेयर, हाइड्रोलिक बेड्स और फोल्डिंग डाइनिंग टेबल्स। ये बदलाव इस बात को दशार्ते हैं कि लोग अपने घरों में ज्यादा जगह का इस्तेमाल करना चाहते हैं, साथ ही उसे सुंदर और व्यक्तिगत बनाना भी चाहते हैं। उपभोक्ता अब अपने घरों को अधिक व्यवस्थित और स्टाइलिश बनाने पर जोर दे रहे हैं, जिससे होम डेकोर, फर्नीशिंग्स और किचन एक्सेसरीज एक नया प्रमुख श्रेणी बन गए हैं। इस बढ़ती मांग का कारण यह है कि लोग अब ऐसे डिजाइन और वर्किंग स्पेस बनाना चाहते हैं जो अच्छे से व्यवस्थित और आकर्षक हो। यह ट्रेंड आगे भी जारी रहने की संभावना है, और इस दिशा में और भी नई नवाचार देखने को मिल सकती हैं। आशीष शाह, सीईओ, पेपरफ्राई ने कहा,''होम रिपोर्ट कार्ड रिवाइंड 2024' हमारी दूसरी रिपोर्ट है, जो 2023 के बाद आई है और यह भारत में फर्नीचर और




घरेलू सामान की खपत में हो रहे बदलाव को साफ दिखाती है। जो ट्रेंड्स हम देख रहे हैं, खासकर मल्टी-फंक्शनल फर्नीचर और स्मार्ट डिजाइन, ये इस बात का संकेत हैं कि लोग अपने घरों को कैसे नया तरीके से देख रहे हैं। हम इस बदलाव का हिस्सा बनकर खुश हैं और लगातार नए-नए आइडिया लाकर बाजार की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देना हमेशा हमारी प्राथमिकता है। रिपोर्ट में नॉन-मेट्रो शहरों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया गया है, जहां 2024 में 40% से ज्यादा नए ग्राहक उभरे हैं। गोवा, नागपुर, कोच्चि, वडोदरा, भोपाल और लखनऊ जैसे शहरों में फर्नीचर और होम गुड्स की मांग बढ़ी है। पेपरफ्राई इस बदलाव को देखते हुए नए स्टोर खोलने, ओमनीचैनल सेवाएं देने और तेजी से अंतिम छोर तक डिलीवरी करने की दिशा में काम कर रहा है। 2024 में स्मार्ट फर्नीचर और टिकाऊ, स्थान बचाने वाले होम गुड्स का उदय हुआ है। केरल और हिमाचल प्रदेश में बांस से बने फर्नीचर और अपसाइकल डेकोर का चलन बढ़ रहा है। मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में, सोफा-कम-बेड्स जैसे स्थान-बचाने वाले समाधान अब बिक्री का 35% से अधिक हिस्सा बन रहे हैं, जो छोटे और मॉड्यूलर डिजाइनों की ओर बढ़ते हुए बदलाव को दशार्ता है। पेपरफ्राई का नया ओमनीचैनल तरीका बिजनेस को बढ़ा रहा है, क्योंकि यह ग्राहकों को ऑनलाइन आराम और ऑफलाइन मदद का अच्छा संतुलन देता है। 135+ स्टोरों और 80+ शहरों में अपनी मौजूदगी के साथ, पेपरफ्राई को 70% से ज्यादा फुटफॉल-टू-पर्चेज कंवर्जऩ रेट मिल रहा है, जो यह दिखाता है कि डिजिटल और फिजिकल दोनों टचपॉइंट की अहमियत है। स्टोर पर किए गए ऑर्डर ऑनलाइन ऑर्डर से तीन गुना ज्यादा मूल्य वाले साबित हो रहे हैं, जो पेपरफ्राई द्वारा 2024 में शुरू किए गए असिस्टेंट बाइंग की सफलता को दिखाता है।

# कैबिनेट मंत्री और कलेक्टर आंगनवाड़ी केन्द्र पहुंचे

### कुपोषित बच्चो की माता और मोटी आई से किया संवाद

♦भारत टाइम्स♦



**रहीम शेरानी झाबुआ।** झाबुआ कल्याणपुरा के तड़वी फलिया में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर पहुँच कर कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया और कलेक्टर नेहा मीना ने मंगल दिवस आयोजन में सम्मिलित हुए। आंगनवाड़ी केन्द्र पर जानकारी दी गयी यहां पूर्व में 4 सैम (SAM) अतिकुपोषित बच्चें थे, कुपोषण मुक्त अभियान के तहत एक बच्चा सामान्य श्रेणी एवं एक मैम श्रेणी में पहुंच गया है एवं 2 बच्चें सैम (SAM) श्रेणी में है जिन्हें मोटी आई कान्ता हरिश चौधरी और कमला खापेड़ द्वारा निरन्तर टीएचआर लड् ?डु एवं मालिश कर कुपोषण से मुक्त किए जाने के प्रयास किये जा रहे। कैबिनेट मंत्री ने कुपोषित बच्चे की माता और मोटी आई से संवाद किया और बच्चें की देखरेख कर पौष्टिक आहार, टीएचआर लड्डू एवं गुड़ चना खिलाये जाने को कहा। कलेक्टर ने बच्चों की शिशु रोग विशेषज्ञ से स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। कैबिनेट मंत्री ने कुपोषित बच्चों को टीएचआर से बने लड्डु खिलाए एवं मोटी आई का पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया। समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रो पर मोटी आई पोस्टर लगाने की शुरूआत करते हुए कैबिनेट मंत्री एवं कलेक्टर ने केन्द्र पर मोटी आई पोस्टर लगाये जिसमे केन्द्र का नाम, मोटी आई का नाम प्रदर्शित रहेगा। आंगनवाड़ी को दी गयी मान्टेसरी किट के माध्यम से कैबिनेट मंत्री एवं कलेक्टर ने बच्चो के साथ विभिन्न ज्ञानवर्धक खेल खेले एवं खेल के माध्यम से बच्चो को पढ़ाई करायी गयी। इसी के साथ मंगल दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आंगनवाड़ी केन्द्र पर गर्भवती महिला श्रीमती दीपिका दिनेश भूरा की गोद भराई कर उसे किट भेंट की इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी आर एस बघेल, सहायक संचालक श्रीमती वर्षा चौहान, जिम्मी निर्मल, सीडीपीओ, आंगनावाड़ी कार्यकर्ता महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# आज मेघनगर के महावीर भवन में निःशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ

**हसमुखलाल वागरेचा की पुण्यतिथि पर भव्य स्वास्थ्य शिविर दिनांक 16 फरवरी को महावीर भवन में**




♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** मेघनगर हसमुखलाल वागरेचा परिवार रोटरी क्लब अपना जीवन ज्योति हॉस्पिटल पडवाल हॉस्पिटल, नगर एवं जिले के पत्रकारों सहीत अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से दिनांक 16 फरवरी को महावीर भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर झाबुआ जिले के मेघनगर रोटरी क्लब अपना, पडवाल हॉस्पिटल एवं जीवन ज्योति हॉस्पिटल एवं वागरेचा परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा मेघनगर के समाजसेवी शुभ ज्वैलर्स के संचालक पंकज वागरेचा निलेश वागरेचा ने अपने दादा मिश्रीमल वागरेचा, दादी सज्जनबाई वागरेचा, बड़े पापा जयन्तिलाल वागरेचा की भावना का आत्मा साथ करते हुए माता श्री तप चक्रेश्वरी स्नेहलता देवी वागरेचा की प्रेरणा से अपने पिता संथारा साधक समाज रत्न हसमुखलाल वागरेचा की प्रथम पुण्य स्मरण में अपने भाई निलेश वागरेचा, संजय वागरेचा के साथ मिलकर एवं नगर की समाजसेवी संस्थाओं को साथ लेकर मेघनगर में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण एवं निदान शिविर 16 फरवरी रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया है । गुजरात के अहमदाबाद एपिक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल जैन हार्ड स्पेशलिस्ट के नेतृत्व में 36 से भी अधिक डॉक्टरों की टीम एवं अपने पुरे लाव लश्कर के साथ अहमदाबाद से मेघनगर महावीर भवन में पहुंचेगी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच एवं दवाइयां एवं उपचार परामर्श कर निदान किया जायेगा ।

**आज निःशुल्क मेडिकल जांच कैंप का शुभारंभ**

निःशुल्क जांच शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लाभ लेने की अपील समाज सेवी पंकज वागरेचा, निलेश वागरेचा, संजय वागरेचा, रोटरी क्लब अपना जीवन ज्योति हॉस्पिटल पडवाल हॉस्पिटल एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं ने की है ।

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश कलेक्टर ने दिए

### नेहा मीना द्वारा जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई ली गई।

♦भारत टाइम्स♦



**रहीम शेरानी झाबुआ।** आवेदिका श्रीमती काली रायचंद मुणिया निवासी ग्राम नवापाड़ा कालीरुंडी तहसील थान्दला आवेदन कर बताया गया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से परिवार का भरण पोषण करने में परेशानी हो रही है, कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। आवेदक समस्त निवासीगण ग्राम पंचायत वागलावाट भूरिया जनपद पंचायत रामा जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि रोजगार सहायक, सचिव व सरपंच पति द्वारा गबन करने एवं काम के बदले रुपये मांगने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक सकरिया पिता कलसिंह अमलियार एवं समस्त निवासीगण काकड़कुआ तहसील रामा जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि कपिल स्वयं सहायता समूह द्वारा प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी में मध्यान्ह भोजन का संचालन ठीक एवं उचित तरीके से ना होने से उक्त समूह के स्थान पर उक्त मध्यान्ह भोजन हेतु किसी अन्य समूह को जवाबदारी दिये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदिका श्रीमती शांति पति थावरिया निनामा ग्राम पंचायत नेगड़िया जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में गातला फलिया व ताहेड फलिया दोनों ही बीच में हेंडपम्प खनन करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक पप्पू पिता छगन डामोर निवासी ग्राम भोयरा जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि प्रार्थी का नाम पीएम आवास लिस्ट में 2018 में क्र 127 पर था जो कि वर्तमान में बढ़कर मेरा क्र 179 पर होने से कार्यवाही के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक प्रेमसिंग पिता समसू अजनार निवासी छोटी भेसाकराय तहसील रामा जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि ग्राम छोटी भेसाकराय तहसील रामा को राजस्व ग्राम घोषित करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 45 आवेदन आए। जनसुनवाई में कुछ अधिकारी अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, समस्त विभाग के जिला अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आए दो लोगों सहित पांच लोग कुत्ते ने काटने से घायल



♦भारत टाइम्स♦

**लखनपुर सितेश सिरदार।** लखनपुर क्षेत्र में इन दिनों कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। ग्राम अंधला में जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आए दो लोगों सहित पांच लोग कुत्ते के हमले घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया यहां उपचार के बाद वह अपने घर लौटे हैं। घटना के बाद से क्षेत्रवासी भय का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को मिली जानकारी के मुताबिक जगमोहन उम्र 45 वर्ष जरहाडीह रघुनाथपुर निवासी,लाल साय पिता स्वर्गीय घूरन 29 वर्ष रेवापुर राजपुर निवासी जो जन्मदिन कार्यक्रम में लखनपुर क्षेत्र के ग्राम अंधला में रिश्तेदार क्या आए हुए थे सोमवार के शाम पागल कुत्ते के काटने से दोनों घायल हो गए।तो वही जनेश पिता खिलावन दास 10 वर्ष ग्राम अंधला निवासी, बबीता राठिया पिता इतवार राठिया जिला रायगढ़ निवासी को भी पागल कुत्ते ने ग्राम अंधला में काट लिया रियांश पिता शिव दर्शन 6 वर्ष ग्राम रजपुरीकला निवासी जो घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान पागल कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र में एक ही दिन में कुत्ते के काटने से पांच लोग घायल हो गए थे सभी घायलों को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टरों के द्वारा मलहम पट्टी के बाद रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया था सभी घायल उपचार के बाद अपने घर लौटे है।

## भारत की बात निराली है



*भारत की बात निराली है ,*
*इस देश की बात निराली है ,*
*क्या-क्या बोलूँ कैसे बोलूँ ,*
*वाणी भी थम सी जाती है ।*
*यह वीर शिवा की धरणी है,*
*यह महाराणा की जननी है ,*
*जब -जब इस पर विपदा आए,*
*बच्चा-बच्चा बलिहारी है ।*
*वेदों की पावन वाणी है ,*
*गीता की अमर कहानी है ,*
*मानस की एक-एक चौपाई,*
*जीवन की सीख सिखाती है ।*
*सबमें खुद का दर्शन करते,*
*खुद में सबको लेकर चलते ,*
*रघुवर की मयार्दा रखते ,*
*कान्हा की छवि मतवाली है ।*
*यहाँ कर्म धर्म बन जाता है ,*
*यहाँ धर्म कर्म बन जाता है ,*
*विश्वास जगा सच्चे मन से ,*
*प्रस्तर प्रतिमा बन जाती है ।*
*यहाँ सावन की झंडियाँ लगतीं ,*
*यहाँ राखी की लड़ियाँ सजतीं ,*
*नीले अम्बर पर इंद्रधनुष ,*
*धरती पर छम-छम जारी है ।*
*कभी राम-जन्म कभी कृष्ण-जन्म,*
*कन्या-पूजन का महापर्व,*
*कभी क्रिसमस और ईद आकर,*
*सबके मन को हरषाती है ।*
*घर-घर में जब दीपक जलते,*
*और खील-बताशे हैं बंटते,*
*अंबर की कारी अंधियारी ,*
*खुद वा खुद शरमा जाती है ।*
*रितुराज यहाँ जब आता है ,*
*सबके मन को भरमाता है ,*
*तन मन पर पर हो जाते हैं ,*
*कोकिल की मस्ती न्यारी है ।*
*कोरोना में दम दिखा दिया ,*
*सारी दुनिया को बता दिया ,*
*अमृत वेला आजादी की ,*
*छक कर पीने की बारी है ।*
*जब-जब इसकी जयकार लगे,*
*मन बाग-बाग हो जाता है ,*
*नर हो नारी या बाल , वृद्ध*
*सीना चौड़ा हो जाता है ।*
*भारत की बात निराली है ,*
*मेरे देश की बात निराली है।*

***कुसुम रानी सिंघल, फरीदाबाद***

# भाग्यनगर में सचिन पायलट का भव्य सम्मान किया



♦भारत टाइम्स♦

**हैदराबाद/जगदीश सीरवी।** हैदराबाद अब्दुलापुरमेट कवाड़पल्ली भगवान श्री देवनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, गुर्जर समाज के अध्यक्ष देवीदत कोली, विकास शर्मा, विक्रम गुर्जर, बहादुर गुर्जर, धमार्राम ढांका,मोहन, सुनिल,पवन, नाथुराम व समाज बन्धु उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में हर दिन गंगा-यमुना से ट्रैश स्कीमर निकाल रही 10-15 टन कचरा

♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में गंगा-यमुना को स्वच्छ, निर्मल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रतिबद्ध है। आने वाले श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर अपने साथ भक्ति के साथ स्वच्छता का भाव भी ले जाएं, इसके लिए प्रयागराज नगर निगम मुख्यमंत्री जी के विजन को साकार करने में लगा हुआ है। न केवल मैनुअल, बल्कि आधुनिक तरीके से भी गंगा-यमुना के संगम को स्वच्छ बनाने का काम हो रहा है। इसके लिए बकायदा ट्रैश स्कीमर मशीन लगाई गई है। यह मशीन हर दिन गंगा-यमुना से 10 से 15 टन कचरा निकाल रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयासरत है।

इसके चलते विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ की तैयारी करीब 4 साल पहले ही शुरू कर दी गई थी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को साफ और स्वच्छ जल मिले, इसके लिए एक ट्रैश स्कीमर मशीन लगाई गई। तब यह मशीन 50-60 क्विंटल कचरा हर दिन निकालती थी। उसकी कार्य प्रणाली को देखते हुए करीब दो साल पहले एक और मशीन को प्रयागराज नगर निगम ने खरीदा। इसके बाद नदियों की सफाई की रफ्तार दोगुनी हो गई। क्या है, ट्रैश स्कीमर मशीन? ट्रैश स्कीमर की मदद से पानी की सतह पर तैर रहे कचरे को इकट्ठा किया जाता है। इस मशीन का इस्तेमाल नदियों, बंदरगाहों, और समुद्रों में कचरा साफ करने के लिए होता है।



### एक ही जगह कचरे का निस्तारण

*नगर निगम के अधिकारी बताते हैं कि मशीन से एकत्र किए गए कचरे को निस्तारित करने के लिए नैनी के पास ही एक जगह डंप किया जाता है। वहां से इस कचरे को रोजाना गाड़ियों द्वारा बसवार स्थित प्लांट में ले जाते हैं। जहां इस कचरे से नारियल, प्लास्टिक और अन्य सामग्री को अलग किया जाता है। प्लास्टिक को रिसाइकिल के लिए भेजा जाता है, जबकि अन्य सामग्री, जो लायक होती है, उसे खाद बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।*

### मशीन की क्षमता 13 क्यूबिक मीटर

दोनों नदियों में सफाई कर रही मशीन की क्षमता 13 क्यूबिक मीटर है। ये मशीनें चार किमी का एरिया नदी में कवर करती हैं। यानी संगम क्षेत्र से लेकर बोट क्लब सहित अन्य दूरी तक सफाई करती है। इन मशीनों की मदद से गंगा के साथ ही यमुना को भी साफ किया जा रहा है। अफसरों के मुताबिक, महाकुम्भ शुरू होने के बाद मशीन से कचरा एकत्र करने में 20 गुना तक बढ़ोतरी हुई है। ये मशीन सतह पर तैरने वाले फूल-माला, दोना-पत्तल, अगरबत्ती- धूपबत्ती के रैपर, प्लास्टिक, नारियल, कपड़े आदि को निकाल लेती है।

# उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर संरक्षा बैठक का आयोजन

## महाप्रबंधक की मण्डल रेल प्रबंधको और विभागाध्यक्षों के साथ संरक्षा कार्य योजना पर चर्चा

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर/दिल्ली।** श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में दिनांक 11.02.2025 को संरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संरक्षित रेल संचालन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों, कर्मचारियों के प्रशिक्षण, संरक्षा संवाद, संरक्षा अभियानों और संरक्षा कार्य योजना 2024-25 पर चर्चा की गई तथा उत्तर पश्चिम रेलवे पर माह जनवरी 2025 में हुई गतिविधियों के ई-बुलेटिन का प्रसारण किया गया। इस दौरान संरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारी को सम्मानित भी किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक श्री अमिताभ ने चारों मंडलों पर आयोजित संरक्षा संवाद कार्यक्रम की जानकारी ली।



साथ ही दोहरीकरण, रेल पटरियों के नवीनीकरण, ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम,रोड अंडर ब्रिज,इत्यादि कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पतंगबाजी की घटनाओं से इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन बाधित होने की घटनाओं के रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया। इस दौरान संरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारी श्री हेम विकास मीना, तकनीशियन प्रथम, कैरीज व वैगन विभाग, जयपुर मंडल को सम्मानित भी किया गया। श्री विकास मीना ने बांदीकुई में ड्यूटी के दौरान मालगाड़ी के एक्सेल से ग्रीस के रिसाव को देख बियरिंग के क्षतिग्रस्त होने का पता लगाया जिससे संभावित दुर्घटना को रोका जा सका। श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की संरक्षा और सुरक्षा का ध्यान रखने पर बल दिया। बैठक में हाल ही में हुए असामान्य घटनाओं की समीक्षा की गई तथा उनकी पुनरावृत्ति रोकने संबंधी उपायों पर चर्चा की गई। ट्रैकमैन की सुरक्षा के लिए बनाए गए रक्षक प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की गई। संरक्षा कार्य योजना 2024-25 पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें रेलवे ट्रैक के रखरखाव के निर्धारित लक्ष्य तथा अभी तक की प्रगति, रेल लाइनों के पास दीवार अथवा फेंसिंग, रोड ओवर ब्रिज या रॉड अंडर ब्रिज का निर्माण कर लेवल क्रॉसिंग हटाना, पैदल पुल का निरीक्षण आदि शामिल है। साथ ही संकेत उपकरणों , कोच गाइडेंस, सीसीटीवी लगाने के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आईसीएफ कोचों को एलएचबी में बदलने के कार्य की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक के साथ सभी विभागाध्यक्ष, तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चारों मंडलों से श्री विकास पुरवार, मण्डल रेल प्रबंधक-जयपुर, श्री राजू भूतड़ा, मण्डल रेल प्रबंधक-अजमेर, श्री पंकज कुमार सिंह, मण्डल रेल प्रबंधक-जोधपुर व डा. आशीष कुमार, मण्डल रेल प्रबंधक-बीकानेर सम्मिलित हुए।

## प्रणय-गीत प्रणय गीत गाने का मन है...

*छेड़ रही कोयलिया मन की, वीणा के सोए तारों को,*
*पिया पिया गा रहा पपीहा,मस्त जवानी झनकारों को,*
*बूंद बूंद तृष्णा बन बरसी,बोल उठी गूंगी आकुलता,*
*हवा बावरी लपट दे रही, सुधियों के इन अंगारों को,*
*तुमसे दूर नहीं है रिमझिम, तुमसे दूर कहां सावन है ?*
*प्रणय गीत गाने का मन है..*
*आओ बाँह जुड़ाकर बैठें,जीवन की झड़ियों को झेलें,*
*आओ मिलकर पैंग बढ़ाएं, बिजली सी लहरों से खेलें,*
*तुम केकी बनकर इठलाओ, मैं पी पी की टेर लगाऊँ,*
*जीवन गाते गाते बीते, वह उमंग बरखा से ले लें,*
*गाओ तो जीवन यौवन है,गा न सके गर तो रोदन है !*
*प्रणय गीत गाने का मन है..*
*दूर दूर तक हरियाली के, मादक सागर लहराते हैं,*
*वल्लरियां ऊपर उठती हैं, तरुवर नीचे झुक जाते हैं,*
*मेरा मन भर भर आता है,शब्द स्वरों ने सीमा लांघी,*
*मुक्त पवन पर पंख तोलकर, प्रीत चाह पंछी गाते हैं,*
*जो उमंग सरिता की धुन है,जो उमंग सागर का धन है !*
*प्रणय गीत गाने का मन है..*
*मेघों के घट सिर पर धरकर, वह बरखा गूजरिया आई*
*अलियों पर बरसा यौवन, कलियों पर बरसी तरुणाई,*
*वेणी खोल,केश बिखराए,बिजली सी मुस्कान सजाए,*
*तन ही क्या निर्मल मन भीगा,नैनों से गागर छलकाई ?*
*बौराया अम्बर दीवाना, मतवाला घर आँगन है !*
*प्रणय गीत गाने का मन है..*

**गीतकार प्रमोद मिश्र निर्मल**



# विक्रांत भूरिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, दिल्ली में एमपी के आदिवासी नेताओं का बढ़ा कद

**भोपाल।** झाबुआ से कांग्रेस विधायक और मप्र युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया को ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। विक्रांत भूरिया अब शिवाजीराव मोघे की जगह लेंगे। भूरिया पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया के बेटे हैं।



### युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में थे शामिल

विक्रांत भूरिया ने पिछले साल अप्रैल में मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मितेन्द्र दर्शन सिंह यादव को युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। विक्रांत भूरिया प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में शामिल थे। लेकिन, सितंबर में जम्मू-कश्मीर के रहने वाले उदय भानु चिब को युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

### आदिवासी वर्ग में पैठ बढ़ाने में जुटी है कांग्रेस

मप्र में 22 फीसदी आदिवासी आबादी है। प्रदेश की 230 में से 47 विधानसभा सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इनमें से 24 सीटों पर बीजेपी और 22 सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। एक सीट पर भारत आदिवासी पार्टी के कब्जे में हैं। आदिवासी वर्ग कांग्रेस का परंपरागत वोटर माना जाता है। कांग्रेस आदिवासी वर्ग को वापस जोड़े रखने के लिए युवा नेताओं को आगे बढ़ा रही है।

### कांग्रेस में आदिवासी नेताओं का बढ़ता कद

*कांग्रेस में आदिवासी वर्ग के नेताओं का कद लगातार बढ़ रहा है। डिंडोरी से विधायक और पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम कांग्रेस की सीईसी (सेंट्रल वर्किंग कमेटी) के सदस्य बनाए गए थे। उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। अब विक्रांत भूरिया को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।*

# उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बिलासपुर में सपरिवार किया मतदान



♦भारत टाइम्स♦

**रायपुर/छत्तीसगढ़/परस साहू।** उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर के सेंट फ्रांसिस हायर सेकेंडरी स्कूल में सपरिवार नगर निगम के विकास के लिए मतदान किया। वोटिंग के बाद श्री साव ने नगरीय निकाय के सभी सम्मानित मतदाता भाइयों और बहनों से विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा कि, ये लोकतंत्र का महापर्व है, प्रत्येक नागरिकों का मतदान एक बड़ा अधिकार है। इस मताधिकार का प्रयोग करने अपने घरों से निकले और मतदान अवश्य करें। श्री साव ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी ने शहरों को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित और विकसित बनाने के लिए अटल विश्वास पत्र जारी किया है, जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला है। शहरों के विकास का समग्र योजना अटल विश्वास पत्र में बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि, 173 नगरीय निकायों में वोटिंग हो रही है। प्रदेश के 10 नगर निगम, 39 नगर पालिका, 114 नगर पंचायत में मतदान हो रहे हैं। सभी में प्रचंड मतों से भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। श्री साव ने कहा कि, शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को अवश्य जिताएं। केवल भाजपा ही प्रदेश के शहरों का विकास करेगी। महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशियों को कमल का बटन दबाकर जिताएं। इससे शहर स्वच्छ और सुंदर बनेंगे।

# संतो की विचारो को अमल करे तो जीवन होता है सरल व सुखमय - डॉ सुभास राम

**धानापुर मे शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को कामता प्रसाद विद्यार्थी सांस्कृतिक क्लब द्वारा संत शिरोमणि रविदासः एक सामाजिक चिंतक विषयक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**



♦भारत टाइम्स♦

**धानापुर (चंदौली) / बजरंगी प्रसाद।** धानापुर मे शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को कामता प्रसाद विद्यार्थी सांस्कृतिक क्लब द्वारा ञ्संत शिरोमणि रविदासः एक सामाजिक चिंतकञ् विषयक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षको व छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संत रविदास जी पर अपने-अपने विचार को व्यक्त किया । मुख्य वक्ता डॉ० मिथिलेश कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत को विश्व गुरु बनने की संकल्पना में संत रविदास के विचार अत्यंत प्रासंगिक रहे। महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रो०डॉ प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि हम सब का व्यवहार संत की तरह पारदर्शी एवं सात्विक होना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०डॉ सुभाष राम ने संत शिरोमणि रविदास जी के बेगमपुरा के विचार जहां सभी लोग सुखी तथा संपन्न रहे। शोषण रहित एवं भेदभाव रहित समाज की संकल्पना पर बृहद वक्तव्य दिया। वक्ताओ के रूप मे छात्र सत्य प्रकाश कुमार व छात्रा नैना ने भी अपने विचार प्रकट किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ लल्लन भारती ने किया। संतो की विचार धारा को अमल करने के लिए प्रेरित किया। ताकि जीवन सरल व सुखमय रहे। इस अवसर पर डॉ सरोज पांडेय, डॉ नौशाद अहमद, डॉ दिनेश कुमार, डॉ अंकित पटेल, सेचन राम, नंदलाल, आदित्य सिंह, दिनेश प्रसाद, मंजरी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर प्रदीप की नेतृत्व कुशलता से गोबिंद नगर में सफल मनीष, शिवा ,सूरज और अमित का परिश्रम, कई गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** यहां गोविंद नगर पुलिस द्वारा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही मिलने वाली सूचनाओं पर अपराधियों के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है ,जिसके क्रम में अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह के साथ ही पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में अग्रणी पुलिस इंस्पेक्टर्स में से एक गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई वाली टीम रतनलाल नगर के चौकी प्रभारी मनीष चौहान, गोविंद नगर के चौकी प्रभारी शिवा सिंह और सब इंस्पेक्टर सूरज कुमार द्वारा नाबालिक बच्चों को बेचने और उनसे काम कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर संबंधित सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने, ट्रेन से जा रहे अपराधी को जान जोखिम में डाल कर अदम्य साहस के साथ कार से डेढ़ सौ किलोमीटर तक पीछा करके गिरफ्तार करने, चौकी प्रभारी शिवा सिंह ,सब इंस्पेक्टर रेलवे कॉलोनी अमित फौजदार ,कांस्टेबल नीलम सिंह और अनुराग शुक्ला की टीम द्वारा ही नंदलाल चौराहे के पास भाजपा नेता विकास दुबे के मकान में हुक्काबार संचालकों प्रियांशु दुबे और मोहनिस पांडेय उर्फ जीतू के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही सब इंस्पेक्टर सुदेश कुमार और उप निरीक्षक यूटी मनीष सिंह आदि की टीम द्वारा घर से लापता संजय नगर के लगभग 10 साल के नाबालिग बच्चे हनी उर्फ बंटा को 6 घंटे के अंदर ही सकुशल बरामद करने आदि की कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई भी आम जनता से पुलिस की भूरि - भूरि सराहना भी करा रही है। कुल मिलाकर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की नेतृत्व कुशलता वाले चिनौतीपूर्ण गोबिन्द नगर में नियुक्त चल रहे पुलिस वालों का परिश्रम योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सफल है। जहां तक किसी की भी किसी भी पद या स्थान पर नियुक्ति का सवाल है। इसके आध्यात्मिक पक्ष के मुताबिक स्थानांतरण या किसी भी पद पर नियुक्ति के रूप में आपके कदम धरती के उस स्थान पर भी पड़ते हैं ,जहां जन्म के बाद पहले कभी नहीं पड़े होते और उन लोगों से भी मुलाकात होती है ,जिनसे पहले कभी नहीं मिले होते। खास बात यह भी कि किसी भी पीड़ित की परेशानी का निस्तारण संबंधित के प्रति दुआओं का भी सृजक होता है जो कि उसके जीवन में फलित भी अवश्य ही होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी के प्रति भी दुआओं और बद्दुआओं के रूप में बोले गए शब्द कभी नष्ट नहीं होते।




# छात्र छात्राओं ने किया एक दिवसीय सरस डेयरी का भ्रमण



♦भारत टाइम्स♦

**पीलीबंगा। (मदनलाल पण्डितांवाली)** शहीद भूपेन्द्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पण्डितांवाली के मानक कल्ब के छात्र छात्राओं को एक दिवसीय सरस डेयरी हनुमानगढ़ का भ्रमण कराया गया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने हरी झडी दिखाकर बच्चों के दल को रवाना किया। विधालय के दल के सभी छात्र छात्राओं ने श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड सरस डेयरी हनुमानगढ़ में पहुंच सरस डेयरी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार सेतिया से, डेयरी के सभी उत्पादों की निर्माण क्रियाविधि का अवलोकन कर जानकारियां प्राप्त की। सेतिया ने बताया कि छात्र छात्राओं को समय समय पर भ्रमण करवाने से उनके ज्ञान में वृद्धि होती है। छात्र छात्राओं को स्थानीय संस्कृति व धरोहर का ज्ञान होता है। इन भ्रमणों से बच्चों का मनोरजन होने के साथ साथ उनका शैक्षणिक ज्ञान भी बढ़ता है। इस अवसर पर अध्यापक ज्योति रानी व्याख्याता भौतिक विज्ञान सुनील कुमार आदि ने सहयोग किया।

# 11 लाख से अधिक आगंतुकों ने देखी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

**महाकुम्भ में 40 हजार स्क्वायर फिट में बसाया गया है गांव**

## 26 फरवरी तक गांव में देख सकेंगे सीएम योगी के नेतृत्व में आए यूपी के बदलाव की नई तस्वीर

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने महाकुम्भ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसाया है। इसमें अब तक देश-दुनिया के 11 लाख से अधिक आगंतुक पहुंचे, जिन्होंने योगी सरकार के नेतृत्व में आए बदलाव के बाद यूपी के समृद्ध गांवों की कहानी देखी। नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन कर रहा है। 'स्वच्छ सुजल गांव' में आने वाले आगंतुकों को 'जलप्रसाद' भी दिया जा रहा है। वहीं गांव में प्रतिदिन शाम को गंगा जल आरती भी हो रही है।

**40 हजार स्क्वायर फिट में बसा है गांव-** पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी आगंतुक रूबरू हो रहे हैं। वे यहां 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा का भी दीदार कर रहे हैं। देश-दुनिया से आए श्रद्धालु 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसे गांव में पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिये समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी देख रहे हैं। यह गाथा बदले यूपी की पहचान से हर आगंतुक को अवगत भी करा रही है।





**'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर बसा है गांव** - योगी सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग ने महाकुम्भ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसाया है। इसका दीदार 26 फरवरी तक किया जा सकेगा। 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर यह गांव 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसा है। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में पीएम मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। इस गांव में अलग-अलग कार्यक्रम भी हो रहे हैं। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया गया है, जिसमें वे जीवन और जीवनशैली में बदलाव की कहानी भी बयां कर रहे हैं। बांदा, झांसी, चित्रकूट के कई गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को भी वे बयां कर रही हैं। यहां हर जानकारी पांच भाषा (हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी) में मिल रही है।

**'जल मंदिर' भी दे रहा संदेश- जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें** - ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में 'जल मंदिर' भी बनाया गया है। 'जल मंदिर' में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आ रही हैं। इसके जरिए संदेश दिया जा रहा है कि जल प्रसाद है, जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद नहीं, बल्कि संरक्षण करें। 'जल मंदिर' में सुबह-शाम गंगा जल आरती भी हो रही है। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है।

### 19 जनवरी, 24 जनवरी, 26 जनवरी और 9 फरवरी को गांव में आए सर्वाधिक पर्यटक व श्रद्धालु

*'स्वच्छ सुजल गांव' में अब तक 11 लाख से अधिक अतिथि पहुंच चुके हैं, जिन्होंने इस गांव के जरिए समृद्ध यूपी का दीदार किया। गांव में आगंतुकों का निरंतर आना जारी है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। 19 जनवरी, 24 जनवरी, 26 जनवरी और 9 फरवरी को यहां सर्वाधिक पर्यटक-श्रद्धालु आए। इन चार दिनों में प्रतिदिन यह संख्या एक लाख से अधिक रही। वहीं प्रमुख स्नान पर्वों पर यहां प्रवेश बंद रहा।*

### 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन कर रहा है विभाग

*'अतिथि देवो भवः' भारत की परंपरा है। स्वच्छ सुजल गांव में आने वाले अतिथियों का नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग सम्मान भी कर रहा है। आगंतुकों को जूट-कपड़े के बैग में 'जल प्रसाद' भी दिया जा रहा है। इसमें संगम का जल, जल जीवन मिशन की डायरी, सफलता/बदलाव की कहानी से जुड़ी आदि अध्ययन सामग्री भी है।*

# महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार



♦भारत टाइम्स♦


**महाकुम्भ नगर।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुम्भ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुम्भ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुम्भ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं और पूरी उम्मीद है।


# साधुपन को जीवन भर पाल लेना बड़ी उपलब्धि : सिद्ध साधक आचार्यश्री महाश्रमण

## आचार्यश्री ने समणियों व मुमुक्षु बाइयों पर बरसाया विशेष आशीर्वाद

♦भारत टाइम्स♦

**भुज, कच्छ (गुजरात)।** यों तो मयार्दा महोत्सव के बाद उस क्षेत्र से आचार्यश्री का विहार हो जाता है, किन्तु भुजवासियों का सौभाग्य है कि मयार्दा महोत्सव के उपरान्त जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, भगवान महावीर के प्रतिनिधि, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी उनके नगर में ही अपना प्रवास कर रहे हैं। यह अवसर भुजवासियों के लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है। भुजवासी भी अपना अधिकांश अपनी सुगुरु की सन्निधि में सेवा, आराधना में लगाने का प्रयास कर रहे हैं। कच्छी पूज समवसरण में उपस्थित श्रद्धालु जनता को युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने अपनी कल्याणी वाणी से पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि साधु जीवन मिल जाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि हो जाती है। दुनिया में कितने-कितने आदमी गृहस्थावस्था में ही रहते हैं। कुछ ऐसे भी बच्चे, युवा या वृद्ध होते हैं, जिनकी चेतना प्रस्फुरित होते हैं और वे साधु बनने को तैयार हो जाते हैं और कई उसमें सफल भी हो जाते हैं। साधु की दीक्षा कभी भी आ सकती है। साधुत्व को प्राप्त कर लेना और उसके अपने सम्पूर्ण जीवन भर पाल लेना बहुत बड़ी सफलता की बात है। आचार्यश्री तुलसी ने अपने जीवन के बारहवें वर्ष में दीक्षा ली और आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने अपने जीवन के ग्यारहवें वर्ष में साधुत्व दीक्षा स्वीकार की। आचार्यश्री तुलसी जीवन के तैंयासिवें वर्ष में तथा आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने नब्बेवें वर्ष में महाप्रयाण किया था। साधुत्व की उपलब्धि हो जाने पर उसका संरक्षण ठीक करना हो जाए तो कितनी अच्छी बात हो सकती है। महाव्रतों को संयम मान लें तो समिति-गुप्तियों के द्वारा उन संयम की सुरक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। साधुपन मिल जाए तो उसे अच्छी तरह पाल लेने का प्रयास हो और अंतिम श्वास तक साधुपन पल जाए तो जीवन की सफलता हो सकती है। आज माघ शुक्ला चतुर्दशी है। हमारे यहां आज हाजरी का दिन है। माघ शुक्ला सप्तमी को उसका मयार्दा महोत्सव में उपक्रम हुआ था। हाजरी में प्रायः साधु-साध्वियां होते हैं। इस बार हाजरी में समणियां भी उपस्थित हैं। समणियों को तो कभी-कभी बड़े समूह के रूप में अवसर मिलता होगा। अभी मुमुक्षु बाइयां भी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। मुमुक्षु को यदि गुरुकुलवास में कभी भी महीने-डेढ़ महीने तक रहने आदि की सुविधा हो जाए तो उन्हें बहुत कुछ जानने, समझने, साध्वियों की निकट सेवा आदि के माध्यम से अच्छी जानकारी हो सकती है, अच्छा अवसर प्राप्त हो सकता है। इस बार अच्छा अवसर मिला है।





# एक्शनएड द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से एक्शन ऐड द्वारा संचालित नई पहल परियोजना के अंतर्गत जनपद बलरामपुर के मुख्यालय पर स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बने रिसोर्स सेंटर के सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया जिसमे जिला समन्वयक बालिका शिक्षा मोहित जी व जनपद बलरामपुर के समस्त विकास खंड में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की वार्डन वेलेंटियर्स ने प्रतिभाग किया जिसमे सर्व प्रथम सभी का परिचय हुआ उसके बाद एक्शन ऐड के तारिक अहमद द्वारा जनपद में कराए जा रहे एक्शन ऐड के कार्यों व विद्यालयों में लगाए जा रहे स्मार्ट क्लास,शोलार पैनल, फर्नीचर, स्पोर्ट किट व आदि कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा के मुद्दों पर बात किया गया साथ ही प्रोजेक्ट सामन्वयक गुलिस्तां जी द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी दिया व स्कालरशिप के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को पूरा करने पर बात किया गया व सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने एवम शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मासिक परिचर्चा करने की बात की गई जिसमे प्रत्येक माह संबंधित विभाग ,कार्यरत संस्थाओं की बैठक सुनिश्चित करने पर बात किया गया। उक्त बैठक में उपरोक्त वार्डन,प्रेरकों के साथ एक्शन एड की जिला टीम उपस्थित रही।

# बहराइच में स्टेम लैब का शुभारंभ, छात्रों को मिलेगा अनुभवात्मक शिक्षा का लाभ

♦भारत टाइम्स♦

**बहराइच। जनपद बहराइच।** बाल रक्षा भारत एवं कैप्री के सहयोग से आज बहराइच जिले के चित्तौरा और हजूरपुर में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (FLN) में सुधार हेतु एक विशेष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों के छात्रों में बुनियादी भाषा एवं गणितीय कौशल को सुदृढ़ करना है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि हो और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिले।इस पहल के तहत उत्तर प्रदेशीय विद्यालय (यूपीएस 1-8) चिरैयाटांड, ब्लॉक हजूरपुर, बहराइच में एक आधुनिक स्टेम लैब (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित प्रयोगशाला) की स्थापना की गई। इस लैब का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख श्री अजीत प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा संघ बहराइच के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार सिंह, सभी एआरपी एवं एसआरजी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सरिता सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अतिथियों के स्वागत में एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया।




**स्टेम लैब की विशेषताएं एवं उद्देश्य-** बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि ने स्टेम लैब के मॉडल के बारे में जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख श्री अजीत प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें स्टेम लैब शिक्षा के माध्यम से खोज एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह लैब छात्रों में तार्किक सोच विकसित करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करने, समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देने और नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित की गई है। यह पहल विद्यार्थियों के लिए एक नए युग की शुरूआत मानी जा रही है, जहां वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़ी विभिन्न अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से सीखकर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकेंगे। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय चिरैयाटांड के शिक्षकगण, बीआरसी हजूरपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी, बाल रक्षा भारत की टीम तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने बहराइच के शिक्षा क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

# छात्रा ओव सार्वजनिक स्थल पर आमजनता को किया जागरूक

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन बड़नगर/ जगदीश परमार।** साइबर अपराधम डिजिटल अरेस्ट के बारे में किया जागरूक शेफक्लिक-सुरक्षितविलक सुरक्षितजीवन के बारे में किया जागरूक पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 02/02/2025 से 11/02/25 तक सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान₹ सायबर सुरक्षा अभियान₹ संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नितेश भार्गव के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बडनगर श्री महेन्द्र सिंह परमार द्वारा डिजिटल अरेस्ट के बारे में बताया गया एवं थाना प्रभारी बहनगर निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा कॉलेज स्कुल कॉलेज में छात्र-छात्राओ व सार्वजनिक स्थल पर आम जानता के बिचर₹ सायबर सुरक्षा अभियान₹ का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा अभियान के तहत सायबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान दिनांक 2 फरवरी से 11 फरवरी तक चलाया जा रहा है। इसके तहत दिनांक 10 फरवरी को सम्मानित दिवस ग्राम फतेहपुर में स्कूल मैदान पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में एसडीओपी महेंद्र सिंह परमार थाना प्रभारी अशोक पाटीदार द्वारा साइबर सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों युवा और जनता को जागरूक किया। जिसमे माननीय विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या भी उपस्थित रहे। साइबर अपराधों के तहत बताया गया कि फर्जी काल से सावधान रहे कहीं आप साइबर अपराधियों का शिकार न बन जाए जाल साजों द्वारा आपके मोबाइल नंबर पर किसी कंप्यूटर टेलिफोनिक कस्टमर केयर की आवाज में फोन किया जाता है जिसमें आप उस कस्टमर कंप्यूटर जनरेट आवाज में जाल साजों द्वारा भारत सरकार या ट्राई की गाइडलाइन का उल्लंघन करने के कारण आपके मोबाइल नंबर को बंद करने के लिए बताया जाता है एवं अधिक जानकारी के लिए अन्य कोई नंबर ह्यी८ दबाने के लिए कहा जाता है जैसे ही आपके द्वारा कोई नंबर दबाया जाता है, आपके मोबाइल में बैकग्राउंड की कमान रन होती है जिससे आपका नंबर पर आने वाले सारे कॉल एसएमएस ओटीपी संबंधित व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर फॉरवर्ड हो जाते हैं आपके नंबर पर आने वाले एसएमएस ओटीपी अन्य व्यक्ति के पास जाने के उपरांत आपकी सिम और डुप्लीकेट सिम बना लिया जाता है जिसके बाद आपके मोबाइल सिम कार्ड से नेटवर्क चला जाता है संदिग्ध व्यक्ति आपका सिम एक्टिवेट कर आपके इंटरनेट बैंकिंग यूपीआई आदि के माध्यम से आपके साथ ठगी कर सकता है ऐसे ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन पर तुरंत 1930 पर कॉल करने की जानकारी दी गई जिसमे करीबन 600-700 बच्य, युवा, जनता उपस्थित रहे।



# प्रतिभा ने सीरवी समाज का नाम रोशन किया




♦भारत टाइम्स♦

**हैदराबाद/जगदीश सीरवी।** करमनघाट हैदराबाद स्थित लचेटा निवास पर प्रतिभा ने सीमित संसाधनों के बीच डॉक्टर बनने का सपना पूरा कर लिया। परिणाम घोषित हुआ तो करमनघाट हैदराबाद की पिंकी लचेटा ने अपने दादा व दादी के सपने को साकार करने के क्रम में बिडीएस की डिग्री हासिल करते हुए डाक्टर बन गयी। पिंकी लचेटा के डाक्टर बनने की खुशी में घर सहित गांव ? में खुशी का माहौल है। बधाईयां देने वाले लोगों,रिश्तेदारों का क्रम लगा हुआ है। गांव वाले अपनी बिटिया की उपलब्धि पर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अपने दृढ़ निश्चय तथा परिश्रम के दम पर बीडीएस की डिग्री हासिल करने वाली पिंकी लचेटा की उपलब्धि पर मिठाइयों का दौर जारी है। व इस सुनहरे अवसर पर सम्पूर्ण सीरवी समाज बन्धु उपस्थित रहे